


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 279-● जबलपुर ● रविवार, 14 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# पति-पत्नी समेत पूरे परिवार को सरेआम दी फांसी, घर को बम से उड़ाया

**गया।** बिहार के गया से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के डुमरिया प्रखंड के मौन बार गांव में नक्सलियों ने चार लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद उसके घर को बम से उड़ा दिया। घटना शनिवार रात की है, जब नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी सरजू सिंह भोक्ता के घर को प्रतिबंधित नक्सलियों ने बम से उड़ा दिया। नक्सलियों ने पति-पत्नी समेत पूरे परिवार को सरेआम फांसी पर लटका दिया। मारे गए लोगों में सतेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मनोरमा देवी और सुनीता सिंह शामिल हैं।

### नक्सलियों ने लिखा, ले लिया गया बदला

इतना ही, इस घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने पर्चा चिपकाते हुए लिखा, इसी परिवार के लोगो ने षडयंत्र के तहत चार नक्सलियों को पूर्व में जहर खिलाकर मरवा दिया था। वो इनकाउंटर में नहीं मारे गए थे। नक्सलियों ने लिखा अमरेश कुमार, सीता कुमार, शिवपूजन कुमार और उदय कुमार की शहादत का बदला ले लिया गया है।



### पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान कर रही है

मामले में एसएसपी आदित्य कुमार ने कहा, नक्सलियों ने यह कायराना हरकत चुनाव में दबिश दिखाने के लिए की है। हत्या उसी जगह हुई है, जहां चार नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान कर रही है।

## पत्रकार की हत्या,मंत्री लेसी सिंह पर आरोप

बिहार सरकार की मंत्री और धमदाहा विधायक लेसी सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हत्या का आरोप मंत्री लेसी सिंह पर लगा है। मामले को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। लेसी का नाम आते ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सत्ताधारी दल जदयू पर हमलावर है। विश्वजीत सिंह उर्फ रिंटू सिंह के परिजनों ने शनिवार को सरसी थाना के पास शव रखकर प्रदर्शन किया। इधर नाराज लोगों को शांत कराने पहुंचे एसपी दयाशंकर को भी विरोध का सामना करना पड़ा। घटना के बाद सरसी थानाध्यक्ष नरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

## फटाफट खबरें



### खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के सामने कीवियों की चुनौती

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीम अपने पहले टी-20 वर्ल्ड कप के खिताब के लिए अपनी-अपनी तैयारियों में लगी हुई हैं। दुनिया की दोनों ही शीर्ष टीमें अब तक एक बार भी टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। हालांकि इस बार दोनों के पास इसे जीतने का मौका है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जहां पाकिस्तान को हराया तो वहीं न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को रोमांचक अंदाज में हराकर फाइनल में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमों के बीच कई समानताएं हैं और दोनों को तेज पिचों पर खेलने की आदत रही है लेकिन जिस तरह से इन्होंने यूएई की धीमी पिचों पर खुद को ढाला है, वह बेहतरीन है। ऐसे में अब रविवार को दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले खिताबी मुकाबले में दुनिया की नज़रों में दोनों ही टीमों पर होंगी। **खेल पेज भी देखें**

### पुलिस ने पूछा-क्या समस्या है, किसान ने कहा-साहब! भैंस दूध दुहने नहीं देती, मदद करे

**भिंड।** भिंड एक अनूठा मामला सामने आया है। यहां एक किसान पुलिस थाने पहुंचा और बोला साहब! भैंस दूध दुहने नहीं देती, पुलिस की मदद चाहिए। जब किसान ने यह समस्या बताई तो पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उन्होंने उससे फिर से पूछा कि क्या कोई अन्य समस्या भी है तो किसान ने साफ कहा कि उसकी तो केवल यही दिक्कत है। पुलिस यदि मदद करती है तो वह अहसानमंद रहेगा। किसान का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।।

### हिन्दुत्व विवादः शिक्षा समागम में सलमान खुर्शीद का आना टला

**रायपुर।** बाल दिवस के मौके पर राज्य सरकार की ओर से रविवार से आयोजित दो दिवसीय जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद का आना स्थगित हो गया है। दो दिन पहले तक शिक्षा समागम कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सलमान खुर्शीद का नाम था और जैसे ही हिंदुत्व को लेकर विवाद खड़ा हुआ उनका नाम इस कार्यक्रम के आमंत्रण कार्ड से भी हटा दिया गया है। बतादें कि स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने पत्रकार वार्ता में ही स्पष्ट कर दिया था कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सलमान खुर्शीद नहीं आ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देंगे महापुरुषों की बलिदान-भूमि की माटी का अमृत कलश



**भोपाल।** 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर भोपाल के जम्बूरी मैदान में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमृत माटी कलश भेंट किया जाएगा। इसमें प्रदेश के 75 चयनित स्थान, जो आजादी के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों की जन्मभूमि, बलिदान भूमि व उनके जीवन से जुड़े स्थान हैं, की माटी होगी। प्रधानमंत्री के सामने 46 जनजातियों के 700 से अधिक कलाकार जनजातीय समुदाय की कला, संस्कृति और धरोहर के विविध स्वरूप को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम से वर्चुअली प्रदेशभर के दो करोड़ से अधिक व्यक्ति जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री 15 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 33 मिनट पर भोपाल के राजाभोज विमानतल पर पहुंचेंगे। जनजातीय गौरव दिवस प्रदेश में धूमधाम से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सरकार ने तय किया है कि प्रधानमंत्री का जनजातीय समाज के परंपरागत तौर-तरीकों से स्वागत किया जाएगा। उन्हें आदिवासी पगड़ी पहनाई जाएगी और तीर-कमान, चित्र सहित अन्य उपहार दिए जाएंगे। जनजातीय कलाकार उनके स्वागत में लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। प्रदेश में टीकाकरण उपलब्धि और झाबुआ जिले के नरसिंहरुंडा गांव द्वारा शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण की उपलब्धि पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

# कोरोना का टीका नहीं लगवाया तो बैंकों में नहीं मिलेगा प्रवेश

**इंदौर।** कोरोना के टीके की दूसरी डोज लगवाने के लिए हर स्तर पर लोगों को न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि प्रतिबंधों का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। अब बैंकों ने भी तय किया है कि कोरोना का दूसरा डोज न लगवाने वाले ग्राहकों को एक दिसंबर से बैंक में प्रवेश नहीं मिल पाएगा। ऐसे में ग्राहक बैंक जाकर लेनदेन और अन्य काम नहीं कर पाएंगे। इसी तरह आइटी-बीपीओ कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे 30 नवंबर तक टीके की दूसरी डोज अवश्य लगवा लें। कोरोना के टीकाकरण को लेकर कलेक्टर मनीषसिंह ने शनिवार को रवींद्र नाट्यगृह में बैंक, कियोस्क संचालक, निजी ठेकेदार, आइटी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इसमें कलेक्टर ने कहा कि कोई भी शासकीय और निजी ठेकेदार ऐसे मजदूरों से काम नहीं कराएगा, जिन्हें टीके की दूसरी डोज नहीं लगी है। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि यह आप सबकी जिम्मेदारी है कि आपके यहां काम करने वाले स्टाफ और मजदूरों को कोरोना के टीके का दूसरा डोज लग जाए। कोई भी बिल्डर और कालोनाइजर तय करे कि उनके यहां कार्य कर रहे मजदूर वैक्सीन की दूसरी डोज लगाए बिना नहीं रहेंगे।उद्योगों में काम कर रहे लोग और उनके परिवार के शत-प्रतिशत सदस्यों को दूसरी डोज लगना जरूरी है। इसका भौतिक सत्यापन एकेवीएन करेगा। इस संबंध में एकेवीएन एमडी रोहन सक्सेना को निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की पहली डोज के लिए जिन स्थानों पर केंद्र बनाए गए थे, वही केंद्र दूसरी डोज के लिए भी शुरू कर दिए गए हैं। लीड बैंक मैनेजर ओमप्रकाश आनंद ने बताया कि प्रशासन के आदेश के अनुसार बैंक आने वाले ग्राहकों को यह बताया जा रहा है कि वे 30 नवंबर तक टीके की दूसरी डोज लगवा लें। इसके बाद एक दिसंबर से ऐसे ग्राहकों का प्रवेश रोक दिया जाएगा जो दूसरी डोज लगवाकर नहीं आए हैं। उनके वैक्सीनेशन के प्रमाण-पत्र देखे जाएंगे।





# शिल्पा-राज की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। पहले से ही कानूनी मामले में फंसे इस कपल के खिलाफ अब एक और मामला दर्ज किया गया। दरअसल, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नितिन बराई नामक एक शख्स ने बांद्रा पुलिस को जानकारी दी कि शिल्पा और राज एक फर्म के जरिए साल 2014 से उसके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। बराई की शिकायत के बाद बांद्रा पुलिस ने शिल्पा शेट्टी,राज कुंद्रा समेत अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 409, 420, 506, 34 और 120 (बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके बाद अब मुंबई पुलिस जल्द ही मामले में आरोपियों से पूछताछ भी कर सकती है। वहीं मामले में राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी का पक्ष जानने के लिए पुलिस जल्द ही उनसे संपर्क कर सकती है। अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बराई ने पुलिस को बताया कि उससे कहा गया कि अगर वह इनकी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर पुणे के कोरेगांव इलाके में स्पा और जिम खोलेगा तो उसे काफी फायदा होगा। उनकी बात मान कर बराई ने 1 करोड़ 59 लाख 27 हजार रुपए का निवेश किया।

# कुंडली बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल किसान की मौत



**नई दिल्ली ।** सोनीपत के कुंडली बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल एक और किसान की मौत हो गई है। कुंडली स्थित टीडीआई गेट के पास झोपड़ी में मृत मिले किसान की पहचान 75 वर्षीय किसान मेवा सिंह पूनिया के तौर पर हुई है। वे कैथल के गांव भागल के रहने वाले थे। परिजन शव को लेकर कैथल स्थित गांव भागल के लिए रवाना हो गए हैं। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजनों ने उनके शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया। कुंडली थाना पुलिस को उनकी मौत की सूचना भी नहीं दी गई।

# कर्नल के बेटे-पत्नी के बारे में नहीं थी जानकारी

## मणिपुर हमले की नागा पिपुल्स फ्रंट ने ली जिम्मेदारी



**इंफाल।** मणिपुर में सेना की टुकड़ी पर आतंकी हमलों में सात लोगों की मौत की जिम्मेदारी नागा पिपुल्स फ्रंट ने ली है। दहशतगर्दों ने कहा कि काफिले में कर्नल की पत्नी और बेटा की भी मौत हो गई। इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। दहशतगर्दों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। मणिपुर के चूड़ाचंद्रपुर जिले के सिंघट इलाके में शनिवार दोपहर आतंकियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में 46 असम राइफल्स के कमांडिंग अफसर समेत पांच जवान शहीद हो गए। चुराचांदपुर इलाके में उग्रवादियों ने कायराना हरकत की। शनिवार की सुबह असम राइफल्स की 46वीं बटालियन का काफिला इलाके से गुजर रहा था, तभी घात लगाकर बैठ उग्रवादियों हमला कर दिया। इस हमले में कर्नल विप्लव त्रिपाठी के साथ उनकी पत्नी समेत बेटे की भी मौत हो गई।

# 50 लाख का इनामी नक्सली ढेर



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली एनकाउंटर में पुलिस ने 50 लाख के इनामी नक्सली मिलिंद तेलतुम्बडे को मार गिराया। बताया जाता है कि मिलिंद तेलतुम्बडे भीमा कोरेगांव मामले में वांछित आरोपी था। दरअसल, शनिवार को मुंबई से करीब 900 किलोमीटर दूर पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम 26 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ करीब 12 घंटे तक चली। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक पहचान के मुताबिक, मिलिंद शनिवार की मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों में से एक था।

# पीएम मोदी पहले जम्बूरी मैदान आएंगे, फिर बीयू और रानी कमलापति स्टेशन




**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को भोपाल में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे। इसके बाद वे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का लोकर्पण करेंगे।15 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 33 मिनट पर राजाभोज विमानतल पर पहुंचेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। 12 बजकर 35 मिनट पर प्रधानमंत्री राजभोज विमानतल एक बजे जम्बूरी मैदान पहुंचेंगे। एक बजकर 12 मिनट पर प्रदर्शनी का उद्घाटन और स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान प्रथम विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्य लक्ष्मीनारायण गुप्ता का सम्मान करेंगे। एक बजकर 20 मिनट पर प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचेंगे। एक बजकर 40 मिनट पर राशन आपके द्वार योजना के तहत वाहन की चाबी सौंपेंगे। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के तीन चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे।- दो बजकर 15 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन होगा। आभार प्रदर्शन खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह करेंगे। तीन बजे प्रधानमंत्री बरकतउल्ला विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। तीन बजकर 10 मिनट पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। तीन बजकर 30 मिनट पर प्रधानमंत्री को संबोधन होगा। चार बजे पीएम राजाभोज विमानतल पहुंचेंगे और दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## नई गाड़ियों का 'बीएच' सीरीज में पंजीकरण शुरू

**लखनऊ ।** 'वन नेशन, वन नंबर' के तहत उत्तर प्रदेश में नई गाड़ियों के लिए 'भारत सीरीज' (बीएच) में पंजीकरण करने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जिस गाड़ी का पंजीकरण भारत सीरीज में होगा, वह देश के किसी भी राज्य में बिना रोक-टोक फर्राटा भर सकेगी। हालांकि भारत सीरीज में नये वाहन का पंजीकरण अनिवार्य नहीं, बल्कि ऐच्छिक होगा। बीएच सीरीज के गाड़ी मालिक को दूसरे राज्य में जाने पर न तो एनओसी लेनी पड़ेगी और न ही वहां पंजीकरण कराकर नया नंबर लेने की जरूरत पड़ेगी।

# मायावती की मां का निधन,मिलने पहुंचीं प्रियंका गांधी, जताया शोक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचीं और उनकी मां के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त कीं। बता दें कि शनिवार को मायावती की मां रामरती का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शनिवार को मायावती अपनी मां के निधन की खबर मिलते ही नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने रामरती के निधन की खबर ट्विटर पर साझा करते हुए गहरा दुःख जताया। उन्होंने बताया है कि अंतिम संस्कार परिवार के अन्य सदस्यों के एकत्र होने के बाद रविवार को किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए 3, त्यागराज मार्ग नई दिल्ली में रखा गया है।



## सोनू सूद की बहन लड़ेंगी विस चुनाव

**मोगा (पंजाब)।** अभिनेता सोनू सूद की बहन मालविका सच्चर पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। यह एलान खुद अभिनेता सोनू सूद ने रविवार को मोगा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। हालांकि वह किस पार्टी से चुनाव मैदान में उतरेंगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनू सूद ने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में नहीं उतरेंगे। सोनू सूद हाल ही में पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी व केजरीवाल से भी मुलाकात कर चुके हैं।




# भारत ने अंतिम समय में दुनिया को मनवाई अपनी बात


**न्यूयार्क ।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कॉप26 में भारत को बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल हुई है। सम्मेलन के दौरान ग्लोबल वार्मिंग को लेकर हुए इस समझौते के दौरान भारत अंतिम समय में 200 देशों को यह समझाने में कामियाब रहा कि कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के बजाय, चरणबद्ध तरीके से इसके उपयोग को कम किया जाए। भारत ने समझौते के अंतिम समय में कोयले को फेज आउट के बजाय फेज डाउन में शामिल करवाया। इसके बाद भारत ने भी कॉप26 के उस प्रस्ताव का समर्थन कर दिया, जिसे 200 देशों की ओर से पारित किया गया था। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक कम करने के लक्ष्य को इस समझौते में रखा गया है। इसमें भारत और चीन अंतिम समय में कोयले और जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की बजाय उसके उपयोग को कम करने की बात दुनिया के अन्य देशों को समझा पाए। ग्लासगो जलवाायु समझौते के तहत सभी देश 2030 तक अपने मौजूदा उत्सर्जन लक्ष्यों पर फिर से विचार करने पर सहमत हुए।



### हमें बहुत कुछ करने की जरूरत

यूएन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को भले ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने एक बड़ा कदम बताया हो, लेकिन उन्होंने जलवायु संकट की ओर से बढ़ते विश्व को आगाह भी किया है। वहीं अमेरिकी जलवायु प्रमुख जॉन केरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की दिशा में यह समझौता अंतिम नहीं है। हमें अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## जमीन में 660 किमी अंदर मिला दुर्लभ डायमंड



**वेब डेस्क।** वैज्ञानिकों ने कहा कि इस डायमंड से पता लगाया जा सकता है कि धरती के नीते क्या है। इस हीरे को Davemaoite नाम दिया गया है। यह हाई-प्रेशर कैल्शियम सिलिकेट पेरोव्स्काइट से बना है। बता दें ये एक क्रिस्टलीय संरचना है, जो पृथ्वी की ठोस परत बनती है। साइंटिस्टों के हाथों खनिज से एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हीरा जमीन के अंदर 660 किमी नीचे मिला है। वैज्ञानिकों ने इसे दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना में खोजा है। इस हीरे के अंदर डेवमॉयट नाम का एक नया खनिज मिला है। इसके जरिए अब पता लगाया जा सकता है कि पृथ्वी की सतह पर असल में क्या है।



जबलपुर, कटनी, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित



## गड्ढेदार सड़क से उचटकर बुलेट की तरह लग रही गिट्टी

# बेपरवाह जिम्मेदार: चलने लायक नहीं हैं शहर की कई सड़कें ये सबसे ज्यादा खराब

**जबलपुर यशभारत।** मदन महल से मेडिकल कॉलेज सड़क पर जाएं या फिर रानीताल से यादव कॉलोनी मार्ग पर। गड्ढेदार सड़क से उचटकर गिट्टी राहगीरों को बुलेट की तरह लग रही है। राहगीर चोटिल हो रहे हैं। सड़क पर संतुलन बिगडने से राहगीर गिरकर भी घायल हो रहे हैं।

कई सड़कें तो चलने लायक नहीं बची हैं। इन सड़कों में दोपहिया वाहन से होकर गुजरने पर लोगों के अस्थि पंजर हिल जा रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो कई राहगीरों को जर्क लगने से पीठ कंधा गर्दन, कमर के दर्द की भी समस्या हो रही है। खस्ताहाल सड़कें से वाहनों को भी बड़ा नुकसान पहुंच रहा है। कई वाहनों का अलाइनमेंट बिगड़ रहा है, जबकि कुछ वाहनों के शॉकप ही बेंड हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इन सड़कों की मरम्मत नहीं कर रहे हैं।

### वार्डवार महज 44 हजार खर्च

नगर निगम सीमा में 79 वार्ड हैं, सड़कें के पेचवर्क के नाम पर निगम ने बारिश सीजन से लेकर अब तक 35 लाख खर्च किए हैं। यानी वार्डवार देखा जाए तो महज 44 हजार रुपये खर्च किए। जबकि एक वार्ड का दायरा औसत डेढ़ से दो किलोमीटर है। लेकिन इन वार्डों से होकर गुजरने वाली ज्यादातर प्रमुख सड़कें में भी सुधार कार्य नहीं किया गया। इनमें से कई सड़क तो ऐसी हैं जिनके नए सिरे से निर्माण की आवश्यकता है।



### ये सड़कें सबसे ज्यादा खराब

मदनमहल चैराहा से सूपाताल होते हुए मेडिकल कॉलेज और धनवंतरी नगर चैराहा से बायपास धनवंतरि नगर चैराहा और साईं कालोनी मार्ग पंडा की मढिया से त्रिपुरी व पुरवा मार्ग, बरगी हिल्स से तिलवारा मार्ग, रानीताल से दमोहनाका, रानीताल से यादव कालोनी सडकघ्ए गोल बाजार में चारों ओर की सड़क आईएसबीटी से ग्रीन सिटी कठौंदा मार्ग बिरसामुंडा चैक से महाराजपुर मार्ग तक की सड़के खराब है।

### यह है स्थिति

35 लाख रुपए पेचवर्क पर नगर निगम ने किए खर्च

63 है शहर में विशिष्ट सड़कों की संख्या

40 प्रतिशत सड़कें पर गड्ढे।

## साइकिल दौड़ी न पैदल चले लोग, करोड़ों गए पानी में

**जबलपुर यशभारत।** शहर विकास के साथ स्मार्ट सिटी ने नॉन मोटराइज्ड ट्रैक यएनएमटीद्ध कपूर क्रॉसिंग से लेकर ग्वारीघाट तक सड़क के दोनों ओर बनाई है। इसे सुरक्षित रखने के लिए लोहे की ग्रिल भी लगाई है लेकिन

**कपूर क्रॉसिंग से लेकर ग्वारीघाट तक बने नॉन मोटराइज्ड ट्रैक के परखच्चे उड़े**

रखरखाव की कमी और निगरानी नहीं होने से एनएमटी की धज्जियां उड़ गई है। आलम यह है कि इस ट्रैक पर साइकिल चली न ही यहां पैदल लोग चले। इस पर कब्जाधारी पसर गए हैंए जिससे सरकार के करोड़ों रुपए पानी में चले गए। गोरखपुर से ग्वारीघाट तक 4:32 करोड की लागत से नॉन मोटराइज्ड ट्रैक बनाया गया है। सडक के दोनों ओर बनाए गए इस ट्रैक पर



रात क समय लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है। इस ट्रैक से कॉलोनियों तक जाने वाले रास्ते को व्यवस्थित करने के साथ मार्किंग भी की गई है। ट्रैक पर हरे रंग का कीमती इम्लीशन लगाया गया है ताकि इसमें साइकिल आदि न फिसले। इसकी मार्किंग के लिए साइड में पीले रंग के पट्टे भी बनाए गए हैं।

### ये है हालत

मौजूदा हालात विषम हो गए हैं, जहां करोड़ों की योजना के मुताबिक ट्रैक बनाने के बाद भी इसका रखरखाव नहीं किया गया है। जिससे इसमें जगह-जगह से अवरोध पैदा हो गए हैं। कुछ जगहों पर स्थिति यह हो गई है कि वहां संकरी सा एनएमटी ट्रैक बचा है। ट्रैक पर निर्माण सामग्री सहित धूल, मिट्टी है। इससे एनएमटी पर लोगों की गाडियां पार्क होने लगी है। एनएमटी का अस्तित्व ही समाप्त होता जा रहा है। यहां लगाई गई आकर्षक बिजली व्यवस्था भी ठप हो गई है।

### एक नजर

- धूल-मिट्टी से दबा ट्रैक
- जगह-जगह खोदा गया है ट्रैक
- निकल रहा है इम्लीशन
- एनएमटी पर अवैध पार्किंग
- ट्रैक पर निर्माण सामग्री
- ट्रैक की लाइटें बंद
- जगह-जगह कब्जे

## नर्मदा वैली में मेहमान परिंदों का बसेरा

### पर्यटकों को खूब लुभाती हैं इनकी अटखेलियां

**जबलपुर यशभारत।** शहर में साल भर पक्षियों का डेरा रहता है। कुछ मौसम के अनुसार शहर आते हैं, तो कुछ यहीं बस जाते हैं। शहर का मौसम काफी अनुकूल है। इसलिए यहां पक्षियों का आना.-जाना लगा रहता है। शहर में हिमालय के साथ यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और साइबेरिया से भी पक्षी आते हैं। इसका कारण शहर में उन देशों की अपेक्षा गर्माहट का अहसास होना है। संस्कारधानी समेत महाकोशल रीजन में पक्षियों की 375 प्रजातियां मौजूद हैं। जो पर्यावरण को समृद्ध बना रही हैं। कहा जाता है कि हर प्राणियों का अलग महत्व होता है। पक्षी जहरीले कीटों और पतंगों को खाकर पर्यावरण को अच्छा बनाने में योगदान देती हैं। पक्षियों के संरक्षण और महत्व को दर्शाने के लिए हर साल 12 नवम्बर को भारत के बर्ड मैन कहे जाने वाले डॉण् सलीम अली की स्मृति में वर्ड वॉचिंग दिवस मनाया जाता है।

### मौसम के हिसाब से आना-जाना

नेचर कन्जर्वेशन में जुटे संजय पशीने ने बताया कि शहर में पक्षियों का आना.जाना मौसम के हिसाब से होता है। पक्षी ब्रीडिंग के हिसाब से आते हैं। ग्वारीघाट में भी गल्स इसी मौसम में अधिक देखी जाती है।

## 14 के बाद रजिस्ट्रेशन का पोर्टल हो जाएगा बंद, प्रवेश के लिए आज भी खुले कॉलेज

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ज्यादा से ज्यादा छात्रों को कालेज में दाखिला देने के लिए कालेज लेबल काउंसलिंग का द्वितीय अतिरिक्त चरण शुरू किया गया है। यह प्रक्रिया 16 नवंबर तक चलेगी। आनलाइन पंजीयन के लिए छात्रों के पास केवल दो दिन का समय शेष रह गया है। इसके बाद रजिस्ट्रेशन की लिंक बंद कर दी जाएगी। बताया जाता है 14 नवंबर को रविवार के दिन भी शहर के कॉलेज खुले रहे। नवीन आवेदकों हेतु आनलाइन पंजीयन एवं सत्यापन की सुविधा आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इसके बाद पंजीयन का पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। बताया जाता है पूर्व में पंजीयन सत्यापित अभ्यार्थी एवं सीएलसी द्वितीय अतिरिक्त चरण के अंतर्गत आनलाइन पंजीकरण एवं सत्यापित आवेदक कालेज में स्वयं



उपस्थित होकर निर्धारित तिथियों में खाली सीटों के लिए सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन के साथ कोई भी दस्तावेज संलग्न ही नहीं किया जाएगा। काउंसलर प्रो. बीएन त्रिपाठी कहते हैं कि कालेजों में तीन महिने से चल रही प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अधिकांश प्रमुख कालेजों में सीटे लगभग भर चुकी हैं। ऐसे में सीटों की उपलब्ध होने पर ही प्रवेश मिलने की संभावना है। 14 नवंबर रविवार को पूर्ववत प्रवेश प्रकिया का संचालन किया जाएगा जबकि 15 नवंबर को शासकीय अवकाश होने कारण कालेजों को बंद रखा जाएगा। ज्ञात हो कि निजी कालेजों में सीट कई जगह खाली है जिस वजह से शासन ने विद्यार्थियों के लिए यह मौका दिया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया का लाभ उठा सके।

## साई मंदिर सिविल लाइन मे 53 वां स्थापना दिवस

**जबलपुर यशभारत।** श्री साई मंदिर दक्षिण सिविल लाइन का 53 वां स्थापना दिवस साई मंदिर में आज रविवार 14 से ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ।आगामी 16 नबम्बर त्रिदिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमे साई बाबा जी की विशेष पूजन अर्चन होगा 14 नबम्बर रविवार सुबह ध्वजारोहण के साथ10 बजे सुंदर कांड पाठ शुरू हुआ।संध्या 7 बजे

**सुबह ध्वजारोहण के साथ तीन दिनी आयोजन शुरू**

बाबा की पालकी शोभायात्रा निकलेंगी।सोमबार सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक साई सत्चरित्र का सामूहिक पाठ उदय देशमुख के सानिध्य में प्रारंभ होगा। तीनो दिन संध्या महाआरती विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह



रानी दुर्गावति विश्विद्यालय के कुलपति कपिलदेव मिश्र एवम केंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा सम्पन्न होगी 16 नबम्बर को साई यज्ञ हवन ओर भंडारे के साथ तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न होंगे ।साई मंदिर समिति की ओर से रविनंदन सिंह सुनील चंदेल मृगेंद्र नारायण सिंह संजय सेठ उमेश पिल्लै प्रेम भंडारी सन्तोष अवस्थी सुनील देश पांडेय अजय बघेल, लखमी चंद जगबानी सोमेश अवस्थी मनोहरलाल रवि पांडेय राजेन्द्र तोमर लाल एवं अशोक स्वामी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## कुक्कुट पालन योजना अंतर्गत 565 हितग्राही लाभांवित

**जबलपुर।** जनजातियों के लिये आजीविका सृजन की दिशा में कुक्कुट पालन मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचलों में कड़कनाथ कुक्कुट इकाई योजना एवं बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना अंतर्गत 565 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है जिससे उनके आर्थिक गतिविधियों मे सुधार हो रहा है। पालन पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक ने बताया कि कड़कनाथ कुक्कुट इकाई योजना एवं बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत कुक्कुट पालन के लिये चूजे प्रदाय किये है। योजनांतर्गत 28 दिवसीय लो-इनपुट टेक्नोलॉजी वाले 40 चूजे प्रदाय किये गये है व केन्द्र प्रवर्तित ग्रामीण बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजनांतर्गत 345 चूजों का प्रदाय किया गया है। योजनाओं का मुख्य उद्देश्य कुक्कुट पालन के माध्यम से हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ-साथ हितग्राहियों के परिवार को पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# खतरनाक हो गए हैं हाइवे के तीन ओवरब्रिज

## नागपुर, रीवा हाइवे के भेड़ाघाट, पाटन और कटंगी पर दिखावे की लाइट

**जबलपुर, यशभारत।** रीवा.नागपुर बायपास के भेड़ाघाट पाटन और कटंगी ओवरब्रिज पर की गई रोशनी की व्यवस्था चरमरा गई है। ब्रिज के नीचे लाइटें जरूर लगाई गई हैं लेकिन वे जलती नहीं हैए जिससे इन चैराहे पर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं के अभाव से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रीवा.नागपुर बायपास महाराजपुर के बाद सीधे तिलवाराघाट से होते हुए शहर के पार हो जाता है। इस बीच में खजरीखिरियाए कटंगीए पाटनए भेड़ाघाट बायपास चैराहे हैं। इनमें से कटंगीए पाटन और भेड़ाघाट में इस रास्ते को फ्लाईओवर से निकाला गया है। अन्य खजरीखिरिया और सगड़ा सडक के समानांतर हैं। ब्रिज के उपर और नीचे प्रकाश व्यवस्था की गई है ताकि रात के समय सुचारू रूप से यातायात चल सके।

### सर्विस रोड करनी पड़ती है पार

ओवरब्रिज से अन्य राजमार्ग पर जाने के लिए सर्विस रोड पार करनी पड़ती है। इसमें हाइवे पर चलने वाला चालक राजमार्ग बदलने के लिए सर्विस रोड से होता हुआ ब्रिज के नीचे से भोपाल की ओर जाता है। इसी तरह भोपाल की ओर से आने वाला वाहन चालक भी ब्रिज पार करने के बाद सर्विस रोड से होता हुआ सीधे हाइवे पर आता है। इस दौरान ब्रिज के नीचे अंधेरा होने की वजह से यहां दुर्घटना की आशंका रहती है। इसके अलावा यहां कई चालक मार्ग को लेकर भ्रमित हो जाते हैं।

### संकेतक का अभाव

सर्विस रोड पर चैराहे के समीप रिफ्लेक्टर लगाए गए हैंए जो रात के समय वाहन चालक को अलर्ट करते हैं लेकिन इनमें से अधिकांश खराब हो चुके हैं। संकेतक के



अभाव से चैराहे के पहले वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। इन चैराहे पर रोशनी नहीं होने से वाहन चालक मात्र एक स्ट्रीट लाइट में चैराहे के नीचे से वाहन पार करता है।

# मप्र में महानगरों की तर्ज पर बनेगा डबल डेकर शास्त्री फ्लाईओवर

**जबलपुर यशभारत।** शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ने वाले बूढ़े हो चुके शास्त्री ब्रिज का स्वरूप अब संवरने वाला है। इस रेलवे ओवरब्रिज पर डबल डेकर फ्लाईओवर बनेगा। मौजूदा रेलवे ओवरब्रिज को यथावत रखते हुए अत्याधुनिक तकनीक से फ्लाईओवर के किनारे पोर्टल फे म पाइल पर पूरा स्ट्रक्चर खड़ा किया जाएगा। 146 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण होने पर ब्लूम चैक और छोटी लाइन चैराहा में लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी। पत्रिका लगातार शास्त्री फ्लाईओवर के निर्माण की मांग का मुद्दा उठा रहा था। डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के लिए शासन को भेजा।

### पोर्टल फेम पर बनेगा फ्लाईओवर

फ्लाईओवर अत्याधुनिक तकनीक से पोर्टल फे म में बनेगा। मौजूदा शास्त्री ब्रिज के किनारे दोनों ओर पीयर का निर्माण कर उस पर बीम बनाई जाएगी। बीम पर ब्लॉक अपलोड किए जाएंगे। पैंतीस पोर्टल फेम पाइल खड़े किए जाएंगे। इसके साथ ही पाइल फाउंडेशन



के पैंतीस पियर का भी निर्माण किया जाएगा।

### यातायात का जबर्दस्त दबाव

मदनमहल गढ़ा गोरखपुर ग्वारीघाट क्षेत्र को मुख्य शहर को जोडने वाले शास्त्री ब्रिज पर यातायात का जर्बदस्त दबाव रहता है। इसके कारण सुबह से रात तक कई बार यहां जाम भी लगता है। मार्ग में यातायात को सुगम बनाने के लिए लंबे समय से फ्लाईओवर निर्माण की मांग उठ रही थी। अब पीडब्लूडी विभाग के ब्रिज डिवीजन ने फ्लाईओवर निर्माण के लिए डीपीआर बनाकर तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रशासन को भेज दी है। रेलवे ओवरब्रिज से फ्लाईओवर का निर्माण महानद्दा से लेकर तीन पत्ती चैराहा से 15 मीटर पहले तक होना है। इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए राशि पूर्व में ही प्रदेश शासन के बजट में स्वीकृत की जा चुकी है।

### विधायक भनोत ने उठाया था मुद्दा

शास्त्रीब्रिज के स्थान पर फ्लाईओवर के निर्माण का मुद्दा विधायक तरुण भनोत ने विधानसभा में उठाया था। उन्होंने सवाल पूछा था कि क्या रेलवे ओवरब्रिज यशास्त्री ब्रिजद्ध के पुर्ननिर्माण के लिए लिए बजट में प्रावधान किया गया है। अब तक इस दिशा में क्या कार्रवाई की गई है। इस पर पीडब्लूडी मंत्री गोपाल भार्गव ने जवाब दिया था कि सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर प्राक्कलन तैयार किया गया है।



## विश्व मधुमेह दिवस पर सैन्य जवानों की रैली

**जबलपुर यशभारत।** दुनिया मे लगातार बढ रही मधुमेह की बीमारी को रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सेना के जवानों ने आज विश्व मधुमेह दिवस पर साइकिल रैली निकाल

**अभी नहीं तो कब रोकधाम के लिए किया जनजागरण**




कर सभी को जागरूक करने कोबरा ग्राउंड से रैली निकाली। रैली को जनरल कमांडिंग आफीसर एस मोहन एसएम व्हीएसएम मध्य भारत क्षेत्र द्वारा झंडी दिखा कर रवाना किया।

## अवकाश दिवसों में भी सत्यापन का कार्य

## निगमायुक्त ने सभी पेंशन हितग्राहियों से सत्यापन कराने की अपील की

**जबलपुर।** शासकीय योजना के सभी पेंशनधारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवसों में भी संभागीय कार्यालय खुले हैं। सभी पेंशनधारी नजदीकी के संभागीय कार्यालयों में जाकर भौतिक सत्यापन का कार्य करा सकते हैं। इस संबंध में अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रहीं हैं जिससे लाखों हितग्राहियों को प्रतिमाह नगर निगम जबलपुर द्वारा लाभ पहुँचाया जा रहा है। शासन से संचालित सभी शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने एक व्यवस्थित टीम तैयार की है जो प्रतिमाह पेंशनधारियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार लाभांश राशि बैंकों के माध्यम से वितरित की जा रही है। इस संबंध में योजना विभाग के प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन के निर्देश प्राप्त हुए हैं, कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में समस्त पेंशनधारी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन शत्प्रतिशत कराया जाना है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने हितग्राहियों से आग्रह किया है कि इस सुविधा का लाभ उठाएँ और अपने सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर नजदीकी के संभागीय कार्यालयों में जाकर सत्यापन का कार्य कराएँ ताकि खाते में शुचारू रूप से पेंशन की राशि भेजी जा सके।

## आंगनबाड़ी सहायिका की अनन्तिम चयन सूची जारी

**जबलपुर।** महिला बाल विकास परियोजना शहपुरा के अंतर्गत रिक्त आंगनवाड़ी सहायिका के पद की अनन्तिम चयन सूची जारी कर दी गई है। इस अनन्तिम चयन सूची से संबंधित आपत्ति सात दिवस के भीतर दर्ज की जा सकती है। सूची को शहपुरा परियोजना कार्यालय सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कलेक्ट्रेट कार्यालय के सूचना पटल में देखी जा सकती है।

## 2722 घरों में किया गया मच्छरों के लार्वा का सर्वे

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा 2 हजार 722 घरों में मच्छरों के लार्वा का सर्वे किया गया। इस दौरान 11 हजार 410 कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा की जांच की गई। जिसमें 9 घरों के 10 कंटेनरों में लार्वा पाये गये। जनसमुदाय को लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण की समझाइश दी गई।




## गोपाष्टमी पर किया गया गौ माताओं का पूजन

**जबलपुर यशभारत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हनुमान प्रखंड द्वारा गोपाष्टमी के उपलक्ष में गौ माता का पूजन एवम प्रसाद वितरण प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रखंड संयोजक गगन यादव के निवास पर प्रखंड मंत्री प्रशांत सोंधिया ने गौ माता का पूजन कर देश मैं सुख समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की । उल्लेखनीय है कि गगन यादव द्वारा निरंतर कई वर्षों से गौ माता की सेवा की जा रही है। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा गौ संरक्षण एवं गौ पशुधन के लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी विशाल सिंह शरद सिंह, की रही। प्रांत समरसता प्रमुख संतोष चौबे सत्यम रैकवार राजेश रैकवार उमेश राठौर शैलेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष दिलीप बर्मन आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 16 को

**जबलपुर।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा उद्योग भवन कटंगा टीवी टावर के पास स्थित कार्यालय परिसर में 16 नवम्बर की सुबह प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उपसंचालक रोजगार एमएस मरकाम के अनुसार रोजगार मेले में बैंकिंग, इंश्योरेंस, सेल्स मार्केटिंग, एग्रीकल्चर सिक्यूरिटी आदि निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई एवं विभिन्न तकनीकी डिप्लोमा धारी आवेदक जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष हो अपनी मार्कशीट आधार कार्ड, फोटो तथा रिज्यूम आदि सहित उपस्थित होकर कंपनी प्रतिनिधियों से संपर्क कर मेले में शामिल हो सकते हैं। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि मेले के संबंध में ज्यादा जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 0761-4007028 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मकान मालिक को जान से मारने की धमकी देकर करवा ली रजिस्ट्री

# सूदखोर महादेव पहलवान पर एक और प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** कुख्यात सूदखोर महादेव पहलवान ने अपने बगल के मकान मालिक के पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी देकर, 11 लाख रुपए में रजिस्ट्री करवा ली। जिसके बाद पीड़ित किराए के मकान में रहने विवश है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर महादेव पर डरा-धमका कर, कम कीमत में मकान की रजिस्ट्री करवाने जाने पर एक और



प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि दीपक सुहाने उम्र 45 वर्ष निवासी कंचन विहार विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पारिवारिक पेत्रिक मकान तमरहाई चौक पर महादेव पहलवान के बगल में स्थित है। उक्त मकान में उसके सहित चार हिस्से थे । जिसमें हिस्सेदार नर्मदा प्रसाद सुहाने , दिलीप सुहाने, उमांशकर सुहाने थे। वर्ष 2000 से लगातार महादेव पहलवान उसके परिवार के गोविन्द सुहाने ,उसे एवं परिवार के दिलीप सुहाने को डरा धमकाकर अपने-अपने हिस्से का मकान बेंचने के लिये दबाव बनाता आ रहा है। जिसके चलते परिवार के सभी लोगों ने डरकर अपने-अपने हिस्से का मकान एवं जमीन महादेव पहलवान को रजिस्ट्री कर दिया।

### पूरे परिवार को मारने की दी थी धमकी

वह अपने हिस्से का पेत्रिक मकान नहीं बेचना चाहता था, लेकिन महादेव पहलवान ने वर्ष 2016 में उसे और उसके परिवार को घर पर बुलाकर पूरे परिवार को मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद उसने डर तथा धमकी के कारण अपने हिस्से का मकान 161.1 वर्ग फुट प्लाट नम्बर 141/1 ब्लाक नम्बर 14 की रजिस्ट्री कुम्भेश्वर नाथ मंदिर तमरहाई चौक प्रबंधक महादेव प्रसाद के नाम पर कर दिया, तभी से वह अपना मकान छोड़कर कंचन विहार कॉलोनी में किराये से रह रहा है । महादेव पहलवान ने अपनी तय की गई कीमत 11 लाख रूपये मे से 10 लाख रूपये उसे देकर , मकान की रजिस्ट्री करवाई है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध प्रकरण में गिरफ्तारी की जा रही है।

# धान की कटाई, गेहूं, दलहन की बुवाई शुरू

**जबलपुर यश भारत।** ग्रामीण क्षेत्र में किसान धान कटाई में व्यस्त है। जिससे खेत-खलिहानों में चहल-पहल बढ़ गई है। चार माह की मेहनत के बाद किसान अपनी कमाई को समेटने के लिए खेतों में पहुंच रहे हैं। दीपावली के बाद खरीफ की फ सल तैयार होने के बाद, किसान खेती-किसानी के काम में पूरी तरह जुट गए हैं और गेहूं, दलहन की बोवनी भी

**रिकॉर्ड उपज की संभावना, किसान के चेहरे में खिली मुस्कान खेत-खलियान में चहल-पहल**

शुरु हो चुकी है। इस बार धान का रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद के बाद किसान के चेहरों में मुस्कान खिली हुई नजर आ रही है। किसान मौसम को देखते हुए बिना जोखिम उठाए हार्वेस्टर और थ्रेसर के माध्यम से मिजाई करा रहे हैं। किसान बृजेश राजपूत, अरुण राजपूत, प्रदीप राजपूत ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण जल्दी से



कटाई के लिए थ्रेसर व हार्वेस्टर का सहारा ले रहे है। धान पकने के अंतिम दिन पानी की कमी महसूस हुई है। जिससे धान की बालियों में असर देखने को मिला। धान की फसल पक कर तैयार हो गई है। खेतों में रखी धान, खलिहान तक पहुंचा रहे है। कुछ किसान बैलगाड़ी, ट्रैक्टर व मेटाडोर से भी धान को कटाई के बाद खलिहान तक ला रहे हैं।

### खेतों में नमी होने के कारण हुई देरी

कुछ किसानों ने जानकारी में बताया कि खेतों में पानी होने के कारण हार्वेस्टर नहीं पहुंच पा रहे थे, जिसके कारण खेतों में काफी नमी बनी हुई थी। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से खेतों में भरे पानी को मोटर पंप के सहारे बाहर निकाला गया। तब कहीं जाकर खेत सूखने की कगार पर पहुंचे । जिससे धीरे धीरे खेत की नमी दूर हो रही है और बड़े किसानों द्वारा हार्वेस्टर आदि से धान की कटाई शुरू कर दी गई है।

### अच्छी पैदावार की उम्मीद

धान की खेती करने वाले किसान शुरुआती दौर में पानी की कमी के कारण परेशान थे और उनके चेहरों पर मायूसी छाई हुई थी, कि अब उत्पादन के लिए लगाई गई लागत भी नहीं निकलेगी क्योंकि खेतों में दरार पड़ चुकी थी और धान की फ सल सूखने की कगार पर आ चुकी थी। लेकिन अचानक हुई झमाझम बारिश से जहां एक बार फि र सूखने की कगार पर खड़ी धान की फसल लहलहाने लगी ।

# चाट खाने के विवाद में मर्डर, पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को दबोचा

**जबलपुर यशभारत।** रांझी में 40 साल के व्यक्ति के सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने पेर में भी चाकू से वार किए। उसका कसूर सिर्फइतना था कि चाट दुकानदार से उसने पहले उसे चाट खिलाने का बोला था, आरोपी ने मृतक के आंख की खराबी पर तंज कस दिया था। इसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। इससे आरोपी गुस्से में आ गया। आरोपी पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन नाबालिग उम्र में जुर्म के चलते कम सजा में छूट गया था। रांझी पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर,आरोपी को दबोच लिया है। रांझी पुलिस के मुताबिक हत्या की वारदात मुखर्जी चौक पाठक डेयरी के सामने की है। शनिवार की रात 8.30 बजे के लगभग आरोपी मानेगांव कोल मोहल्ला निवासी मंगल कोरी चाट खाने मुखर्जी चौक पर पहुंचा था। मानेगांव पटेल मोहल्ला निवासी गौरीशंकर तिवारी (40) भी चाट खाने पहुंचे थे। दुकानदार से पहले चाट खिलाने की बात पर गौरीशंकर और मंगल कोरी में बहस हो गई। मंगल कोरी ने गौरीशंकर के एक आंख की खराबी पर तंज कस दिया । बहस में गौरीशंकर कुछ समझ पाता कि मंगल ने चाकू से उसके सीने और पैर पर वार कर दिए। चाकू लगते ही गौरीशंकर मौके पर ही गिर गया।

### तमाशबीनों ने दिखाई होती हिम्मत तो बच जाती जान

घायल गौरीशंकर के शरीर से खून का फव्वारा निकल रहा था। बावजूद



वहां मौजूद कोई भी तमाशबीन मदद को आगे नहीं आया। आरोपी चाकू लहराते हुए भाग निकला। भीड़ में किसी ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। इसी बीच गौरीशंकर के बड़े भाई कौशल तिवारी और दूसरे नंबर के भाई जुगुल किशोर तिवारी को खबर दी। दोनों भाई मौके पर पहुंचे, तब तक काफी देर हो चुकी थी।

### 9 माह पूर्व एक युवक की हत्या की थी

108 एम्बुलेंस के डॉक्टर ने जांच के बाद गौरीशंकर को मृत घोषित कर दिया। बावजूद परिजनों की जिद पर वह शव लेकर विक्टोरिया ले गया। वहां के डॉक्टरों ने भी जब उसके मरने की पुष्टि की, तब जाकर परिजन माने। हत्या की खबर मिलते ही टीआई विजय सिंह परस्ते मौके पर पहुंचे और फरार आरोपी को दबोच लिया। रांझी टीआई विजय सिंह परस्ते के मुताबिक मझले भाई जुगुल किशोर तिवारी की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी मंगल कोरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने मानेगांव क्षेत्र में ही नौ माह पूर्व एक युवक की हत्या की थी। उस प्रकरण में वह गिरफ्तार हुआ था। नाबालिग उम्र होने की वजह से उसे जल्दी जमानत मिल गई थी। अब उसने गौरीशंकर की हत्या कर दी।

# नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार वाहन ने बुजुर्ग को कुचला : मौत



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर-कटनी नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पर जा रही बुजुर्ग को रौंद दिया। जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया है। हादसे में जान गंवाने वाली वृद्धा की फि लहाल पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात वृद्धा नई बस्ती कुसनेर से पनागर की तरफ जा रही थी। उसी समय जबलपुर से कटनी की ओर जा रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने नई बस्ती के पास वृद्धा को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लगते ही वृद्धा उछलकर सड़क पर जा गिरी जिसके बाद उसको कुचलते हुए चालक वाहन भाग गया। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा न होने के कारण यह पता नहीं लगाया जा सका है, कि किस वाहन ने उसे टक्कर मारी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराते हुए मृतका की शिनाख्त तथा वाहन चालक की पतासाजी शुरू कर दी है।

# हनुमान मंदिर की दानपेटी से रुपए व ट्यूबलाइट भी निकाल कर ले उड़े

**जबलपुर यशभारत।** हनुमानताल स्थित हनुमान मंदिर में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर में रखी दानपेटी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंदिर में चोरी होने की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस में शिकायत करने के बाद पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जानकारी अनुसार हनुमान मंदिर में अधिक लोगों को आना-जाना नहीं है। चूंकि मंदिर के सामने ही थाना है, तो देखरेख करने के लिए कोई नहीं रहता। हनुमान प्रतिमा के सामने रखी दान पेटी को चोर ले गए। दान पेटी में अधिक रूपए नहीं होने की चर्चा है। मंदिर में लगा एक बल्ब और छोटी ट्यूबलाइट भी चोर



निकाल कर ले गए हैं। सुबह कुछ लोग मौके पर पहुंचे उनका कहना था कि नशा करने वाला कोई व्यक्ति दान पेटी की चिल्लर ले गया है।

## बाबा ठाकुर का निधन

**जबलपुर।** शांति नगर दमोह नाका निवासी डॉ. बाबा ठाकुर का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 15 नवंबर को निज निवास से दोपहर 12 बजे बिलहरी कब्रिस्तान रवाना होगी। वे कर्मचारी संघ अध्यक्ष रार्बट मार्टिन के ससुर थे। शोकाकुल परिवार में रार्बट मृदुला मार्टिन, मनोज मोना, प्रिंस- महिमा व शैलेन्द्र हैं।

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/पारिवारिक विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समय: 9 AM से 10 PM

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

# कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला- नरसिंहपुर (म.प्र)

E-mail ID-deo.mpcdnrp@mp.gov.in

-विज्ञप्ति

## राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा आमंत्रण

सर्व साधारण की जानकारी एवं मोटर ऑपरेटर्स की विशेष जानकारी के लिये सूचना प्रकाशित की जाती है कि नरसिंहपुर जिले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) की उपधारा (2) के अंतर्गत मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा एवं राजसात किये गये वाहनों के निर्वतन हेतु सीलबंद निविदाएं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर (म.प्र.) में आमंत्रित की जाती है।

राजसात किये गये वाहन निम्न सारणी अनुसार उनके सम्मुख दर्शाये गये स्थान पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगें। निविदा की शर्तें एवं निविदा फॉर्म क्रय/प्राप्त किया जाना तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस में दिनांक 25.11.2021 को समय दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर (म.प्र.) से प्राप्त की जा सकती है।

राजसात वाहनों के निर्वतन हेतु निविदा की पूर्ण पूर्ति के पश्चात इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदाएं दिनांक 25.11.2021 को समय दोपहर 01.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर (म.प्र.) में जमा किया जाना है। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएँ ग्रहण नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 25.11.2021 को समय दोपहर 02.00 बजे कलेक्ट्रेरेट जिला नरसिंहपुर के सभागार में निविदाताओं/ अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष कलेक्टर या उनके द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगी, निविदाताओं की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रक्रिया में बाधक नहीं होगी। वाहनों का निर्वतन, ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। वाहनों का प्रकार एवं उनका ऑफसेट प्राइज (अनुमोदित मूल्य) निम्नानुसार निर्धारित है :-

**पुलिस विभाग द्वारा जब्त व राजसात वाहन:-**

| क्र. | अपराध क्रमांक/ दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन क्रमांक/इंजन नम्बर/चेजिस नम्बर | वाहन रखे होने का स्थान | अनुविभागीय अधिकारी (पीडब्लूडी) मूल्यांकित ऑफसेट प्राईज (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 892/2017 | मारूति ओमनी वेन | एम.पी.09 व्ही. 6160 | थाना करेली | 35600/- |
| 2. | 743/2016 | मोटर साईकिल | एम.पी.49 एम.सी. 0529 | थाना गोटेगांव | 6200/ |
| 3. | 627/2016 | मारूति कार | एम.पी. 20 वाय. डी. 0019 | थाना नरसिंहपुर | 15250/- |
| 4. | 115/2016 | स्कार्पियों | एम.पी. 49 सी. 2187 | थाना तेन्दूखेड़ा | 2,10,750/- |

प्राप्त निविदा में सर्वप्रथम टेण्डर भाग-1 खोलने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने के उपरान्त निविदा भाग-2 खोला जावेगा, जिसमें निविदाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा की जायेगी। निविदा में प्राप्त राशि यदि ऑफसेट मूल्य की राशि के बराबर या उससे अधिक है तो निविदायें स्वीकृत की जा सकेगी। यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट मूल्य से कम है, तो कलेक्टर, स्वविवेक पर आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर को प्रकरण अग्रेषित कर सकते है अथवा पुनः विज्ञप्ति जारी करने हेतु निर्णय ले सकते है।

**निविदा की शर्त एवं नियम निम्नानुसार रहेगे :-**

1. निविदा खोलने वाले कक्ष में निविदाताओं अथवा उसका वैध प्रतिनिधि जिसके पास निविदा के अग्रिम राशि के चालान का छायाप्रति होगी जिसे गेटपास माना जावेगा। इन छायाप्रति को कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर में मूल चालान देखकर पहले सत्यापित करवाना होगा। विभाग द्वारा निर्गत आवेदन पत्र की स्वीकार किये जायेगें।
2. वाहन जिस हालत में है, जहां खड़ा है, उसी हालत में सौपा जायेगा।
3. निर्धारित समयसीमा के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी।
4. निविदा फॉर्म रूपये 300/- प्रोसेसिंग शुल्क कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर के पक्ष में जिला नरसिंहपुर में ऑन लाइन ई-चालान के माध्यम से शीर्ष 0039-800-0000 में जमा कर कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों का छोड़कर) दिनांक 25.11.2021 को समय दोपहर 12.00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है। निविदादाता को निविदा फॉर्म का एक सेट दिया जायेगा, जिसमें आवेदन पत्र भाग-1, भाग-2 एक बड़ा लिफाफा संलग्न होगे। कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर द्वारा निर्गत निविदा फॉर्म ही स्वीकृत किये जा सकेगें।
5. प्रत्येक वाहन की निविदा आवेदन पत्र के साथ वाहन के निर्धारित ऑफसेट प्राईज का 50 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, अधिसूचित क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक एवं कैश आर्डर जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर के नाम का निविदा भाग-1 के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार शपथ-पत्र, आवेदक का नाम, पता वाहन का क्रमांक व नाम अंकित कर अन्य दस्तावेज भाग -1 में रखना होगा, जिसे पृथक से लिफाफे में रखकर प्रस्तुत करना होगा। जिस पर आवेदक का नाम व पता, वाहन का क्रमांक, व नाम अंकित करना होगा। बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य दस्तावेज के अभाव में प्रस्तुत की जाने वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
6. असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वांछित आवश्यक कार्यवाही पश्चात वापस कर दी जाएगी, किन्तु टेण्डर फॉर्म की कीमत वापस योग्य नहीं होगी।
7. सफल निविदाकारों की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृत राशि के विरूद्व किया जाएगा तथा निविदाकारों को उनकी निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के अन्दर स्वीकृत अनुसार शेष समस्त राशि का भुगतान कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर के पक्ष में करना होगा। किसी भी स्थिति में शेष राशि के भुगतान की समयावधि बढ़ाई नहीं जाएगी। इस सम्बंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। समयावधि में राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में निविदाकार की धरोहर राशि राजसात की जाएगी।
8. वाहन पर किसी संस्थान, बैंक अथवा निजी व्यक्ति के फायनेंस बावत् यदि कोई आपत्ति हो तो टेण्डर दिनांक के पूर्व कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर में प्रस्तुत करें, टेण्डर दिनांक के पश्चात कोई आपत्ति (डाक द्वारा भी) मान्य नहीं होगी।
9. सफल निविदादाता द्वारा वाहन के नामांतरण, टैक्स जमा करना आदि समस्त कार्यवाही स्वयं ही वहन करना होगी।
10. निविदाकार उल्लेखित वाहन का अवलोकन नीलामी दिनांक के पूर्व वाहन के खड़े रहने के स्थल पर कर सकते है। नीलामी के पश्चात इस सम्बंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
11. उपरोक्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन सम्बंधी कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है तथा न ही उपलब्ध कराने का विभाग का उत्तरदायित्व होगा।
12. वाहन पर किसी संस्थान, बैंक अथवा निजी व्यक्ति के फायनेंस बावत् उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा।
13. निविदादाताओं द्वारा निविदा बॉक्स में निविदा डालने के पूर्व निविदा भाग-1 जिसमें निविदादाता द्वारा प्रस्तुत धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक एवं बैंक कैश आर्डर, शपथ-पत्र निवास पते एवं व्यक्तिगत पहचान हेतु नियमानुसार दस्तावेज संलग्न किये जाते है, उनकी जांच अधिकृत अधिकारी से कराई जावेगी। टेण्डर के प्रथम भाग व द्वितीय भाग दोनो पृथक-पृथक लिफाफे में बंद कर एक बड़े लिफाफे मे रखकर इस तरह चिपकाकर बंद करना होगा कि उसे फाड़े बिना लिफाफे को खोला न जा सके।
14. टेण्डर डलने के पूर्व भाग-1 व भाग-2 के लिफाफे के ऊपर टेण्डरदाता का नाम व वाहन क्रमांक/प्रकार निविदा का सरल क्रमांक भी अंकित किया जावें।
15. दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में बंद किया जावे। बंद लिफाफे पर जिसमें दोनों लिफाफे रखे है के ऊपर टेण्डरदाता का नाम, वाहन क्रमांक अंकित किया जावे अगर वाहन क्रमांक नहीं हो तो बिना नम्बर या चेचिस क्रमांक तथा वाहन का प्रकार-कार/मोटर सायकल आदि अंकित किया जावे।
16. धरोहर राशि के लिए एक फार्म के लिए केवल एक ही चालान का उपयोग किया जावे। किसी भी दशा में मान्य धरोहर राशि से कम राशि का बैंक ड्राप्ट स्वीकार नहीं होगा एवं ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
17. प्रत्येक निविदाकार को निम्नलिखित में से कोई भी एक व्यक्तिगत पहचान प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र के अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रति देना अनिवार्य होगा। कृपया व्यक्तिगत पहचान-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र के अभिलेखों को निविदा के साथ संलग्न करते समय आप स्वतः संतुष्ट हो ले कि आपने उक्त अभिलेखों का स्वप्रमाणन (स्वयं के हस्ताक्षर) किये है अथवा नहीं? आपके दस्तावेजों पर हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

18. व्यक्तिगत पहचान प्रमाण-पत्रः-
- वैध पासपोर्ट।
- वैध स्थाई आयकर लेखा क्रमांक ।
- आधार कार्ड।
- वैध मतदाता पहचान-पत्र।
- वैध ड्रायविंग लायसेंस ।
- फोटोयुक्त बैंक लेखा पुस्तिका की मूल/प्रमाणित प्रति।

**निवास प्रमाण-पत्रः-**
- अधिकतम 03 माह पुराना टेलीफोन/मोबाईल फोन बिल।
- अधिकतम 03 माह पुराना बिजली बिल।
- अधिकतम 03 माह पुराना एल.पी.जी. गैस कनेक्शन रसीद ।
- अधिकतम 03 माह पुराना पानी का बिल।
- किसी वित्तीय संस्थान द्वारा फोटो क्रेडिट कार्ड।
- स्त्रोत पर आयकर कटौती का अद्यतन जारी फार्म-16 के प्रमाण-पत्र ।
- आधार कार्ड।

19. टेण्डर प्रक्रिया के दौरान निविदा फार्म एवं लिफाफों पर टेण्डर राशि को छोड़कर टेण्डरदाता का नाम,वाहन क्रमांक एवं व्यक्तिगत पहचान-पत्र, आदि के संबंध में स्वप्रमाण आदि की छोटी-मोटी त्रुटियां आदि पाई जाती है तो निविदादाता को निविदा अधिकारियों के समक्ष ही उसमें सुधार करने का अवसर दिया जा सकेगा। छोटी-मोटी त्रुटियों के लिये निविदा निरस्त नहीं की जावेगी।
20. निविदा की उपरोक्त किसी शर्त व अन्य उपस्थित बिन्दु पर अंतिम निर्णय लेने तथा टेण्डर के विषय में ली गई किसी आपत्ति/त्रुटि के निराकरण का अधिकार कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के अधीन सुरक्षित रहेगा।

जी-19092/21 — कलेक्टर जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

# जंबूरी मैदान में जनजातीय नायकों की लगी प्रदर्शनी

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय संग्रहालय में आदिवासी कलाकारों से की बातचीत

**भोपाल।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सोमवार को राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान मेँ आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव महासम्?मेलन के लिए तैयारियां चरम पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यहां करीब दो लाख आदिवासियों का जमावड़ा होगा। इसके लिए पंडाल सज गए हैं। जनजतीय नायकों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से संबंधित करीब 700 आदिवासी कलाकार मनोरम प्रस्तुतियां देंगे। इधर जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले जनजातीय नृत्यों के कलाकारो से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रात: 10.30 बजे जनजातीय संग्रहालय में पहुंचकर संवाद किया।

### बिरसा मुंडा

– मुंडा विद्रोह के नेतृत्वकर्ता बिरसा मुंडा का जन्म नवंबर 1870 में हुआ था1 अक्टूबर 1894 को बिरसा मुंडा के नेतृत्व में मुंडाओं ने अंग्रेजों से लगान (कर) माफी के लिए आंदोलन किया। 1895 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केंद्रीय कारागार में 2 साल के कारावास की सजा दी गई। कारावास से मुक्त होने के पश्चात उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति का आवाहन किया जो मार्च 1900 में उनकी गिरफ्तारी तक सतत रूप से चलता रहा। कारावास में दी गई यातनाओं के कारण जून 1900 को रांची के कारावास में उनकी जीवन यात्रा समाप्त हुई।

### शंकर शाह

– गढ़ा मंडला के पूर्व शासक और महान संग्राम शाह के वंशज शंकर शाह एक अप्रतिम क्रांतिकारी थे, जो युद्धकला में पारंगत होने के साथ ही साथ काव्य रचना में भी सिद्धहस्त थे।उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया और 18 सितंबर 1857 को जबलपुर में वीरगति को प्राप्त हुए।

### रघुनाथ शाह

– राजा शंकर शाह के पुत्र और गढ़ा मंडला के शौर्य के ध्वज वाहक रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया।

– जबलपुर स्थित ब्रिटिश सेना को विद्रोह के लिए प्रेरित किया जिसने इस क्षेत्र के अंग्रेजों के हृदय में भय का संचार कर दिया।

### खाज्या नायक

– खाज्या नायक ने 1856 से अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह छेड़ दिया और एक बड़ी सेना एकत्र की,बड़वानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में खाज्या का प्रभाव फैल गया। 1857 की क्रांति के समापन के बाद भी खाज्या नायक ने ब्रिटिश शासकों को चैन नहीं लेने दिया। नायक धोखे का शिकार हुए और अक्टूबर 1860 को वीरगति को प्राप्त हुए।



### सीताराम कंवर

– 1857 की क्रांति के दौरान होलकर और बड़वानी राज्य के नर्मदा पार के क्षेत्र, जिनमें आज का निमाड़ क्षेत्र सम्मिलित है, में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक बड़े विद्रोह का नेतृत्व सीताराम कंवर ने किया।कंवर ने सतपुड़ा श्रेणी के भीलों को विदेशी शासन उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित किया और पेशवा तथा तात्या टोपे के साथ गहन संपर्क स्थापित किया।

### भीमा नायक

तत्कालीन बड़वानी के पंचमोहली क्षेत्र में जन्में भीमा नायक ने 1857 की क्रांति के दौरान ब्रिटिश शासन को गंभीर चुनौती प्रस्तुत की। भीमा नायक का प्रभाव पश्चिम में राजस्थान के क्षेत्रों से लेकर पूर्व में नागपुर तक फैल चुका था।1867 में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और अभियोजन में दोष सिद्ध करार दे दिए जाने के पश्चात पोर्टब्लेयर भेज दिया गया जहाँ 29 दिसम्बर 1876 में उन्होंने आखिरी साँस ली।

### रघुनाथ सिंह मंडलोई

– रघुनाथ सिंह मंडलोई ने जो कि टांडा बरूद के निवासी थे और स्थानीय भील एवं भिलाला समुदाय के प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता थे, ने अंग्रेजी शासन के विरूद्ध हुए एक विद्रोह का नेतृत्व किया। अंग्रेजी कम्पनी की सेना ने इन्हें अक्टूबर 1858 में बीजागढ़ के किले में घेर लिया और बंदी बना लिया गया।

### सुरेन्द्र साय

– सुरेन्द्र साय ने 18 वर्ष की आयु से जीवनपर्यन्त अंग्रेजों के कुचक्रों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष किया। 23 जनवरी 1809 में संभलपुर के निकट खिंडा में जन्म लेने वाले सुरेन्द्र साय ने गोंड और बिंझल जनजातीय समुदायों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई।1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी 1862 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ किले में कैद करके रखा गया, जहाँ 23 मई 1884 को इस महान वीर ने अपनी अंतिम साँस ली।

### टंट्या भील

प्रसिद्ध क्रांतिकारी टंट्या भील ने कई वर्षों तक ब्रिटिश शासन को चैन की साँस नहीं लेने दी और उनके लिए एक चुनौती बने रहे।1874 से अपनी गिरफ्तारी तक ब्रिटिश शासन के खजानों को लूटकर गरीब जनता में बांट देते थे। जीवन के अंतिम समय में गिरफ्तार कर लिये गये। ब्रिटिश शासन ने 19 अक्टूबर 1889 को मृत्युदण्ड दिया।

### मंशु ओझा

– 1942 के ऐतिहासिक भारत छोड़ो आन्दोलन में बैतूल के मंशुओझा ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध अनेक क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम दिया। नवम्बर 1942 में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 20 जुलाई 1944 तक नरसिंहपुर जेल में कैद रखकर कठोर यातनाएं दी गई। 28 अगस्त 1981 को घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल में उनका देहावसान हुआ।



## हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति किए जाने पर भाजपा कार्यालय में हुई जमकर आतिशबाजी

**भोपाल।** हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर रानी कमलापति किए जाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हबीबगंज स्टेशन के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव भेजा था, जिसे शनिवार को मंजूर कर आदेश जारी कर लिए गए थे। इस आदेश के आते ही स्टेशन के नाम परिवर्तन का बोर्ड लगाने का कार्य प्रारंभ चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर सोमवार को राजधानी आ रहे है, वह हबीबगंज स्टेशन के नए नाम रानी कमलापति स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। दो दिन की कवायद के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान दास सबनानी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के कार्यकम के नाम पर किराना व्यापारी से 88 हजार की आनलाइन ठगी

विदिशा। सोमवार को भोपाल में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में ड्यूटी लगने का हवाला देकर एक फर्जी व्यक्ति ने शहर के किराना व्यापारी से 88 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली है। व्यापारी को ठग ने भारतीय सेना का मेजर बताया और सामान खरीदी का भुगतान ऑनलाइन करने के नाम पर ओटीपी नंबर ले लिया। व्यापारी समझ पाता इससे पहले ठग ने दो मिनट के अंदर उसके खाते से 88 हजार की खरीदी कर डाली।

## भोपाल में कल 30 से ज्यादा केंद्रों पर होगी एनडीए व एनए प्रवेश परीक्षा

**भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और नेवल एकेडमी (एनए) में प्रवेश के लिए परीक्षा रविवार को आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए यूपीएससी ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी कर दी गई है। मध्य प्रदेश सहित दूसरे में भी इन परीक्षाओं के केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में इस परीक्षा के लिए 30 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यूपीएससी की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र भी अपलोड कर दिए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्रों की पहले ही जानकारी ले सकते हैं।

# चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था पर प्रारंभिक कार्यशाला आयोजित

## जून 2022 तक प्रदेश के 14 निकायों में चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था प्रारंभ करने का लक्ष्य



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्यालय में चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था पर प्रारंभिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बरही, बनखेडी, बैतूलबाजार, भावरा, ईसागढ, माकडोन, मउगंज, पेटलावाद, फूंफकला, राहतगढ, सोहागपुर, सुसनेर, बुरहानपुर और खरगौन नगर में जून 2022 तक चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था प्रारंभ करने के लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रबंध संचालक सह आयुक्त निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि निकाय के रहवासियों को मीटरयुक्त कनेक्शन देकर समुचित जल दर तय कि जाए। बिना जल मीटर के चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था की परिकल्पना संभव नहीं है। जल मीटर के प्रति नागरिकों के मन में सकारात्मक विश्वास जगाना भी आवश्यक है। प्रबंध संचालक ने कहा कि निरंतर जल उपलब्ध होने से पानी के अपव्यय की संभावना बढ़ेगी अत: नागरिकों को स्वच्छ जल के फायदे बताने एवं जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाना जरूरी है, इस अभियान में स्थानीय जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों को भी शामिल किए जाने की आवश्यकता है। श्रीवास्तवन ने निर्देश दिए कि संबंधित नगर पालिका एवं नगर परिषद के मुख्यनगर पालिका अधिकारी मीटर युक्त कनेक्शन लेने एवं पानी के उचित उपयोग कि लिए जन जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार करते हुए अभियान का संचालन करें। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय व्यवस्था प्रारंभ करने से पहले तकनीकि स्तर यदि कोई कमी है तो उसे दुरूस्त कर लिया जाये। इसके लिए अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीम भावना के साथ मिशन मोड में काम करें।प्रबंध संचालक ने संबंधित निकायों के मुख्यनगर पालिका अधिकारियों से वन टू वन संवाद भी किया। कार्यशाला के प्रारंभ में कंपनी के प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत ने 24 घंटे 7 दिन जल प्रदाय व्यवस्था के नियोजन को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता, परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार नंदा, रिशभ चौधरी, परियोजना प्रबंधन सलाहाकर फर्म के टीम लीडर मुकुंद रघुवंशी ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी शेलेन्द्र कुमार गुप्ता, अमर खरे , सहायक परियोजना अधिकारी राकेश कुमार सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वर्चुअल माध्यम से नगरीय विकास एवं आवास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक, परियोजना इकाईयों के परियोजना प्रबंधक ,सामुदायिक विकास अधिकारी एवं नगरीय निकायों के सीएमओ कार्यशाला में जुड़े रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 14 निकायों में जून 2022 तक चौबीस घंटे सातों दिन लगातार जल प्रदाय का लक्ष्य है। इन निकायों में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जल प्रदाय परियोजना पर काम किया जा रहा है।

# शौर्य और सौंदर्य की प्रतिमूर्ति थीं रानी कमलापति

## जिनके नाम पर हुआ हबीबगंज रेलवे स्टेशन



**भोपाल ।** जिन रानी कमलापति के नाम पर अब हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नामकरण किया गया है, उनका इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। गोंड शासक रानी कमलापति ने अफगान शासक दोस्त मोहम्मद से बचने के लिए कमलापति महल के बाहर जल समाधि ले ली थी। भोपाल में उस स्थान पर आज रानी की भव्य प्रतिमा है। बड़ी झील की मेढ़ पर बना कमलापति महल एएसआई के अधीन है। पुरातत्ववेत्ता पूजा सक्सेना बताती हैं कि सन 1720 में गिन्नौरगढ़ पर गोंड शासक निजामशाह का अधिकार था। सन् 1720 में निजामशाह की हत्या उसके ही रिश्तेदार आलमशाह ने की थी, जिसके पीछे चैनपुरबाड़ी के जागीरदार जसवंत सिंह का हाथ माना जाता है वह रिश्ते में निजामशाह का भतीजा था। राज्य में अस्थितरता फैल जाने पर निजामशाह की रानी कमलापति गिन्नौरगढ़ के किले को छोड़कर भोपाल में बड़े तालाब के किनारे बने अपने किले में आकर रहने लगी। इस बीच अफगान दोस्त मोहम्मद भोपाल पर अधिकार का प्रयास कर रहा था। इससे पहले वह जगदीशपुर पर अधिकार कर उसका नाम इस्लामनगर रख चुका था। कहते हैं कि दोस्त मोहम्मद के बढ़ते दबाव के कारण रानी कमलापति ने अपने महल से छोटे तालाब की ओर कूद कर जान दे दी, तब यहां से कोलांस नदी की धारा बहती थी। निश्चित ही रानी के आखरी दिन संघर्ष भरे बीते होंगे, किंतु इसका लिखित इतिहास नहीं मिलता। केवल किंवदंती मिलती है जिसमें कहा गया कि रानी ने दोस्त मोहम्मद से बचने के लिए छोटे तालाब में कूद कर आत्मोत्सर्ग किया था। इसके उपरान्त दोस्त मोहम्मद ने गिन्नौरगढ़ के किले पर कब्जा कर लिया तथा उसने रानी के पुत्र नवलशाह को भी मार डाला। रानी कमलापति गिन्नौरगढ़ के गोंड शासक निजामशाह की पत्नी थी। उनके पिता का नाम कृपाराम चंदन गोंड था। कहते हैं कि रानी इतनी खूबसूरत थी कि जब वह पान खातीं तो पान की पीक गले में दिखाई देती थी। रानी की खूबसूरती से सम्बन्धित एक कहावत भी भोपाली सुनाते हैं – 1930 में ही हो गया था हबीबुल्लाह का इंतकाल भोपाल स्वातंर्त्य आंदोलन समिति के संस्?थापक सचिव और इतिहासकार डा. आलोक गुप्ता का कहना है कि भोपाल का हबीबगंज स्टेशन नए नामकरण को लेकर सुर्खियों में है। कुछ इतिहासकारों का कहना है कि नवाब हबीबुल्लाह द्वारा सन 1979 में क्षेत्र की जमीन रेलवे को दान दिए जाने के कारण इस स्टेशन का नाम उनके नाम पर हबीबगंज रख दिया गया था। यह टिपिकल भोपाली गप है। क्योंकि जिन नवाब हबीबउल्लाह खान का जिक्र इतिहास में मिलता है, वह नवाब सुल्तान जहां बेगम के पोते व अंतिम नवाब हमीदुल्लाह खान के भतीजे थे जो कि सन 1930 में ही इंतकाल फरमा गए थे। ऐसे में यह सोचना कि इंतकाल के 49 बरस बाद सन 1979 में जमीन पर लौट कर उन्होंने यह जमीन रेलवे को दान दी, कोरी भोपाली गप नहीं तो और क्या है।

# अब जंगल बनाएंगे जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सामुदायिक वन प्रबंधन का जिम्मा पूरी तरह से ग्रामीणों को सौंपे जाने की तैयारी है। वे पौधारोपण भी कराएंगे और कूप कटाई (पेड़ों की छंटाई) भी। कूप कटाई में वन विभाग को होने वाले फायदे में उनका भी हिस्सा रहेगा, जो लाभांश के रूप में उन्हें बांटा जाएगा। इसका प्रस्ताव भी तैयार हो गया है। इसे कैबिनेट से जल्द मंजूरी मिल सकती है। अभी योजना को प्रयोग के तौर पर प्रदेश के किसी एक जिले में लागू कर परिणाम देखे जाएंगे। इनके आधार पर ही प्रदेश के शेष जिलों में योजना लागू की जाएगी। लाभांश का प्रतिशत तय करने में देरी के चलते योजना शुरू करने में विलंब हो रहा है। हालांकि 10 प्रतिशत लाभांश देने की उम्मीद की जा रही है। इसकी घोषणा जनजातीय गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। योजना जनजातीय वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। वन प्रबंधन समितियों के गठन की जिम्मेदारी ग्राम सभा को देंगे- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में घोषणा की थी कि पेसा कानून (ग्राम सभा को सामुदायिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार देने वाला कानून) के तहत ग्रामीणों को जंगल का प्रबंधन सौंपा जाएगा। राज्य सरकार इस कानून के तहत सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के गठन की जिम्मेदारी ग्राम सभा को देने जा रही है। ये समितियां हर साल विभाग के योजना के मुताबिक माइक्रो प्लान बनाएंगी और उसे ग्राम सभा से अनुमोदित करवाकर क्रियान्वित करेंगी। विभाग इस काम में समितियों की मदद करेगा, जबकि जरूरी वित्तीय संसाधन सरकार उपलब्ध कराएगी। इस घोषणा पर अमल करते हुए वन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। सूत्र बताते हैं कि प्रस्ताव में ग्रामीणों को 10 और 20 प्रतिशत तक लाभांश देने का जिक्र है। इसमें से 10 प्रतिशत लाभांश देने पर सहमति बन सकती है। यदि इतना भी लाभांश दिया जाता है, तो प्रदेश में करीब 95 करोड़ रुपये का लाभ बांटा जाएगा। पेसा कानून यानी अधिकार संपन्न् ग्राम सभा राज्य सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था की पांचवीं अनुसूची के क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए पेसा ग्राम सभाओं का गठन किया है। इसमें ग्राम सभाएं स्थानीय विकास के लिए अपने स्तर पर योजनाएं बना सकेंगी। पेसा ग्राम पंचायतों में गैर जनजातीय वर्ग के अधिकारों को भी संरक्षित रखा गया है।

### अच्छा काम करने वाली हर समिति को मिलेगा

लाभ योजना में अच्छा काम करने वाली प्रदेश की प्रत्येक वन समिति के सदस्य को लाभांश मिलेगा। वर्तमान में लाभ कमाकर देने वाले सिर्फ पांच जिलों हरदा, बैतूल, सिवनी, मंडला और डिंडौरी की समितियों और कभी-कभी खंडवा और बालाघाट जिले की समितियों को भी यह लाभ मिलता है। इसमें 45 करोड़ रुपये लाभांश बांटा जा रहा है। समिति के काम से ग्राम सभा खुश नहीं होती है, तो वह खुद ही उस समिति को भंग करके नई समिति गठित कर सकेगी। अभी तक यह अधिकार जिला वनमंडल अधिकारी (डीएफओ) को था।



### ऐसे मिलेगा ग्रामीणों को लाभ

जानकारी के मुताबिक वनों के प्रबंधन के दौरान विरलन यानी थिनिंग से जो भी बांस, बल्ली या जलाऊ लकड़ी निकलेगी वह समिति की होगी। कूप कटाई से मिली इमारती लकड़ी का अंश समिति को मिलेगा। संरक्षित क्षेत्र के बफर क्षेत्र में पर्यटन से जो भी आय होगी वह भी इन समितियों को जाएगी। वनोपज के अधिकार से उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

# महिलाओं ने मनाई आंवला नवमीं



## पूजन,और परिक्रमा लगाकर सौभाग्य व समृद्धि की कामना

पनागर। आँवला नवमीं के दिन महिलाओं द्वारा आंवले के वृक्ष की पूजा की गई आंवले के वृक्ष की परिक्रमा लगाई गई महिलाओं द्वारा बताया कि हम लोग आंवले के वृक्ष के नीचे पूर्व दिशा में बैठकर पूजन किया करते है आंवले की जड़ में जल और दूध दिया करते है फिर विधि विधान से सभी महिलाएं इकठ्ठी बैठकर पूजन किया करते है पेड़ में कच्चा धागा बांधकर कपूर बाती या शुद्ध घी की बाती से आरती किया करते है,सात बार परिक्रमा लगाकर प्रसाद वितरित करके फिर हम सभी महिलाएं पूजन के बाद आंवले के नीचे ही भोजन किया करते है ।

### इसलिए किया जाता है आंवला नवमी

कटनी निवासी जया तिवारी ने बताया कि भगवान शिवजी व भगवान विष्णुजी आंवला नवमीं के पूजन से प्रसन्न होते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी का भ्रमण कर रही थीं। वह एक साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करना चाहती थीं। लेकिन भगवान विष्णु और भगवान शिव की एक साथ पूजा करना असंभव था। तब उन्हें ध्यान आया कि तुलसी और बेल दोनों के ही गुण आंवले में पाए जाते हैं। क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को और बेल भगवान शिव को अति प्रिय है। इसके बाद माता लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु और भगवान शिव का प्रतीक मानकर उसकी पूजा की। इसके बाद दोनों ने ही माता लक्ष्मी को दर्शन दिए । मान्यता है कि आंवले के पेड़ के नीचे ही बैठकर भोजन किया जाता है। यदि ऐसा संभव न हो सके तो इस दिन भोजन में आंवले का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।सुख-सौभाग्य व समृद्धि की कामना के लिए आज आंवला नवमीं धूमधाम से मनाई जा रही है। पनागर में अनेक जगहों पर महिलाएं सामूहिक पूजा-पाठ करते हुए संतान की दीघार्यु सुख- सौभाग्य व समृद्धि की मंगल कामना के साथ आंवले के वृक्ष परिक्रमा कर रहीं हैं। इसे अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। आंवला नवमीं के दिन महिलाओं ने सिंघाड़े, पिंडखजूर, छुआरे, मखाने, छीताफल,लड्डू, सोनपापडी, हलुआ पूरी से आंवले के वृक्ष की परिक्रमा महिलाओं ने लगाई पूजन के बाद महिलाएं बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया।

## आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा



अनूपपुर जिले मे भी मनाई कल अक्षय नवमीद्य इसे आंवला नवमी भी कहा जाता है इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है इसे कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है अक्षय नवमी या आंवला नवमी का महत्व दो प्रकार से माना जाता है एक धार्मिक दूसरा आयुर्वेदिक अगर पौराणिक मान्यताओ की बात करें तो इसे हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय नवमी से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पे? पर निवास करते है इसे लिए हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय नवमी के दिन आंवले के पे? की 108बार परिक्रमा करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है व ऐसी मान्यता है की आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से सारे रोग दूर होते है इसीलिए पूजा अर्चना के पश्चात इस दिन आंवले के पेड की नीचे बैठकर भोजन किया जाता है द्यइस संबंध में समाज सेविका श्रीमती उर्मिला पुरी ने कहा किआयुर्वेदिक दृष्टिकोण से अगर देखा जाये तो आंवले का बहुत महत्व है आयुर्वेद के अनुसार अगर आंवले का नियमित सेवन किया जाये तो पेट जनित रोगों से हमेशा के लिए मुक्ति मिलती है व आंवले के सेवन से व्यक्ति दीर्घायु भी होता है व निरोगी काया मिलती है आंवले का नियमित सेवन करने से बाल भी नहीं झ?ते है, व्यक्ति के चेहरे की चमक बरकरार रहती है व आँखों की रौशनी भी तेज होती है इस तरह से आंवले को आयुर्वेद मे प्रकृति का एक अनोखा वरदान माना गया है ।



# बाल आरोग्य संवर्धन के अंतर्गत कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य शिविर

पनागर/बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषित बच्चों का शिविर का आयोजन किया गया महिला एवं बाल विकास की प्रशासकीय परियोजना अधिकारी सुनीता शर्मा के मार्गदर्शन में समस्त पर्यवेक्षकों एवं आंगनवा?ी कार्यकर्ताओ द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत सभी कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य हेतू पनागर अस्पताल बुलवाया गया उनकी स्वास्थ्य जांच करवाकर दवाइयां व पोष्टिक आहार के पैकिट वितरण किये गए ब्लाक मेडिकल आफिसर संतोष ठाकुर द्वारा गठित डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच की गई एएनएमएस द्वारा दवाइयां वितरित की गई एनआरसी में भर्ती योग्य बच्चों को एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया गया कार्यक्रम में डॉ अमृता तिवारी,डॉ किरण मिश्रा,डॉ हेमंत हल्दकार, एवं महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक सीता शर्मा,लक्ष्मी पंजाबी,मुकुल प्यासी,रश्मि पांडे,राजकुमारी सहित अन्य जन उपस्थित रहें।

## शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल में आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



अनूपपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में दिन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश अनूप कुमार त्रिपाठी की उपस्थित में शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल में लिंग परीक्षण एवं इसके दुष्परिणाम के विषय में वाद ङ्ग विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक एवं कर्मचारी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, पैनल अधिवक्ता पैरालीगल वालेंटियर्स, सहित छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहीं।

# गोपाष्टमी पर हुई गो माता की पूजा



**सिहोरा** - गोपाष्टमी के मौके पर कामधेनु गौशाला पोड़ा में गो माता की पूजन की गई। इस मौके पर उपस्थित ग्राम वासियों ने विधि-विधान से पूजन कर गौ माता को तिलक लगाकर, उनको वस्त्र ओढाकर आरती के साथ प्रसाद अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया गया। सभी गायों को पकवान एवं पौष्टिक आहार दिया गया। गौ पूजन के उपरांत आयोजित अहीर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया ।इस मौके पर सरपंच शकुंतला पटेल ने कहा कि हिदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है। कहते हैं गाय की पूजा करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है।गाय माता की पूजा के लिए गोपाष्टमी पर्व विशेष माना गया है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल गोपाष्टमी के मौके पर, अपितु लोगों को हर दिन गाय माता की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में गौशाला प्रभारी डॉ शुभ्रा व्यौहार विनोद गर्ग अभिषेक तिवारी डी पी सेन एस एस ए कादरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# दोनों डोज पूर्ण, सुरक्षा संपूर्ण

**सिहोरा।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत शत प्रतिशत टीकाकरण हेतु प्रदेश शासन द्वारा आयोजित टीकाकरण महा अभियान को सफल बनाने अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय तथा वार्ड स्तरीय संकट प्रबंधन समूह के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। बैठक में टीकाकरण के दोनों डोज सभी पात्र व्यक्तियों को लगवाने हेतु जन जागरूकता अभियान तथा घर-घर जाकर संबंधित लोगों से संपर्क करके प्रेरित करने एवं जहां 30 से अधिक लोग टीकाकरण हेतु शेष हैं वहां मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण कराने हेतु सुझाव प्राप्त हुए। प्राप्त सुझावों के परिपालन में गत दिवस नगर निकाय क्षेत्र के अंतर्गत 9 टीकाकरण केंद्र क्रम से सामुदायिक भवन खितौला, शासकीय शाला उमरिया नाका, शासकीय शाला लखराम, श्यामसुंदर अग्रवाल कॉलेज खितौला, कृषि उपज मंडी खितौला, शिवमंदिर बाबाताल , गढ़िया पूरा स्कूल , शासकीय अस्पताल, काला बाबा वार्ड नंबर 6 के अलावा पहरेवा नाका एवं कंकाली मंदिर में मोबाइल वेन द्वारा टीकाकरण किया गया बैठक में शिशिर पांडे द्वारा महा अभियान के अंतर्गत शत प्रतिशत टीकाकरण करने वाले प्रथम द्वतीय एवं तृतीय दल को व्यक्तिगत रूप से नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई इसके अलावा नगर विकास के संबंध में अतिक्रमण अभियान, नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन का संचालन, मह्वा तालाब का सौंदर्यीकरण, स्टेडियम का विस्तार कर आवासीय पट्टे प्रदान करने तथा वार्ड क्रमांक 6 एवं 5 मेंआंगनबाड़ी बाड़ी के निर्माण के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक परोहा ,शिशिर पांडे, माधव मिश्रा ,अनिल जैन ,राजकुमार गुप्ता ,प्रवीण कुररिया, सुनील तिवारी,आशीष सरदार, सुग्रीव श्रीवास, मदन बर्मन, किशोरी लाल साहु के अलावा डॉक्टर दीपक गायकवाड बीएमओ सिहोरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बच्चों ने प्रिंटर से बनाई अनेक वस्तुएं



**सिहोरा**– सरस्वती शिशु मंदिर सिहोरा में चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स , आटोमोबाई 3 डी प्रिंटर की सहायता से वस्तु निर्माण ,रोबोट बनाना व उड़ाना , साइकल से मोटर साइकल बनाकर चलाना आदि अनेकों आविष्कारों की कार्यशाला विद्यालय के व्यवस्थापक अनुपम सराफ के निर्देशन व प्राचार्य विनोद कुमार गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुई समापन अवसर पर विद्यालय के भैया/बहिनों ने 3 प्रिंटर से बनाई वस्तुओं जैसे गणेश जी ,शिवलिंग ,झोपडी आदि का प्रदर्शन किया ,साइकल से मोटर साइकिल बनाकर दिखाया व ड्रोन बनाया व उड़ाया। समापन के अवसर पर व्यवस्थापक श्री सराफ ने छात्रों को लगन के साथ आविष्कारी सोच विकसित करने की प्रेरणा दी साथ ही विद्यालय में सभी साधन उपलब्ध कराते रहने का भरोसा दिया ,सहव्यावस्थपक प्रशांत विश्वास ने संस्था परिवार एटीएल प्रभारी स्मृति व्यौहार,काजल प्यासी की प्रशंसा की अंत में प्राचार्य ने अतिथियों व मास्टर ट्रेनर विशाल साहू का आभार प्रकट किया । कार्यशाला की सफलता के लिए अध्यक्ष किशन जानवानी ,डाक्टर आनंद मोहन जैन, ,सत्यप्रकाश खरे, अंजना सराफ,विनोद सेठी ,विनय जैन ,राजेश दाहिया व सभी समिति पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# यूपी से लाई जा रही दो ट्रक धान को प्रशासन ने पकडा



## बाहर से लाकर प्रदेश में खपाने की आशंका

**सिहोरा** - समर्थन मूल्य पर खरीदी में बाहरी धान खपाए जाने की आशंका पर नायब तहसीलदार रूबी खान ने दल बल के साथ ग्राम धनगवां के समीप धान से लदे दो ट्रकों की जांच करते हुए सिहोरा थाने के सुपुर्द किया है। बताया जाता है कि बाहरी धान खपाए जाने की आशंका पर राजस्व अमले की टीम हाईवे से अन्य प्रदेशों से आ रहे ट्रकों एवं उनके कागजात की सघन जांच कर रही है ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि बिचौलिए अन्य प्रदेश से सस्ती धान खरीद कर किसानों की ऋण पुस्तिका से खपाते हैं व खुले बाजार में धान की कीमत कम होती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 शालीमार ढाबा के सामने धनगवां मे ट्रक क्रमांक एमएच 34 ए बी 4674 के ड्राइवर जावेद अली से ट्रक में लोड धान के संदर्भ में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कृष्णा ट्रेडर्स प्रयागराज उत्तर प्रदेश से 247 क्विंटल धान दिव्या ट्रेडिंग कंपनी नोहटा दमोह ले जा रहा है संदिग्ध धान होने के कारण मौके पर पंचनामा बनाते हुए नायब तहसीलदार रूबी खान ने ट्रक सिहोरा थाने को अभिरक्षा में सौंपा है इसी प्रकार एन एच 30 केशव पेट्रोल पंप के समीप यश ट्रेडर्स आजमगढ़ यूपी से गिरीश चंद देवेंद्र कुमार के यहां ट्रक क्रमाक यूपी 30 जीटी 0 141 में लोड 500 बोरी मात्रा लगभग 307 क्विंटल को संदिग्ध पाते हुए सिहोरा पुलिस को अभिरक्षा में सौंपा है।

## गुरूनानक जयंती पर नगर कीर्तन 19 को

सिहोरा - गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर रविवार को विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। समाज के विनोद खत्री ने बताया रविवार को सुबह 10 बजे पुराने गुरुद्वारा झंडा बाजार से विशाल नगर कीर्तन परंपरागत शान एवं बैंड पार्टी के साथ कीर्तन में आकर्षक ध्वनि से गुरबाणी का जाप करेगी नगर संकीर्तन के समापन पर नवीन गुरुद्वारा में लंगर बांटा जाएगा इन मार्गो से होकर गुजरेगा नगर कीर्तन नगर कीर्तन पुराने गुरुद्वारा झंडा बाजार चौक से प्रारंभ होकर सरावगी मंदिर, मैंना कुआं, सिविल कोर्ट तिराहा, पुराना बस स्टैंड, गौरी चौराहा ,आजाद चौक होते हुए नवीन गुरुद्वारा साहिब मझौली रोड पर समाप्त होगा।

# खनिज एवं राजस्व विभाग ने नहीं कराया सीमांकन

**अनूपपुर।** बीते शुक्रवार को रेत को लेकर माहौल फिर चर्चाओं में आ चुका हैद्य चर्चाओं में आने का कारण यह था कि रेत खदानों पर नियमों के पालन एवं सीमांकन का मुद्दा सत्ता पक्ष के दो पूर्व विधायकों एवं भारतजनता पार्टी के पदाधिकारियों ने उठायाद्य अनूपपुर विधानसभा के पूर्व विधायक रामलाल रौतेल एवं कोतमा के पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल सहित मुनेश्वर पांडे प्रेमचंद यादव सुनील गौतम सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी कलेक्टर सरो धन सिंह को ज्ञापन सौंपाद्य ज्ञापन में कहा गया है कि रेत ठेका कंपनी के जी डेवलपर नियम को ताक पर रखकर रेत का खनन कर रही है और रेत खदानों का सीमांकन एवं खदान वार खनन की सीमा निर्धारित किए जाने की मांग प्रशासन से की गई है इसी तरह से सभी खदानों पर क्षेत्रफल निर्धारित दर ठेकेदार का नाम सहित शिकायत अधिकारी के नाम पद एवं मोबाइल नंबर के पूरा विवरण के साथ सूचना बोर्ड लगाए जाने की भी मांग की गई हैद्य इसके अलावा बालू के रेट को लेकर भी मांग की गई भाजपा नेताओं का कहना था कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रधानमंत्री आवास आदि के लिए न्यूनतम निर्धारित दर पर रेत उपलब्ध कराया जाएद्य बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास हो या पंचायतों में हो रहे विकास कार्य, महंगी दर पर रेत लेनी पड़ रही हैद्य जापान में यह भी कहा गया कि रेप ठेका कंपनी से लीक प्राप्ति की सड़कों तथा नियमों का पालन कराए जाएं और उपभोक्ताओं को रेत का बिल टीपी के साथ मौके पर ही दिया जाए।

**अनूपपुर में रेत खदानों में उड़ रही नियमों की धज्जियां**

# 20 को मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

शहडोल। गुरुद्वारा सिंह सभा सिख गुरुद्वारा बुढार में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व आगामी 20 नवंबर को मनाया जाएगा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सात दिवसीय प्रभात फेरी का शुभारंभ एक गुरुद्वारा से किया गया प्रातः 5=00 बजे सिख समुदाय द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई द्य जानकारी देते हुए सिख गुरुद्वारा के ज्ञानी भगवान सिंह गुरु सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष बलवीर सिंह खनूजा ने बताया कि 12 नवंबर से 18 नवंबर प्रभात फेरी निकाली जाएगीद्य और 20 को प्रकाश पर्व मनाया जाएगा।

# छात्र ,व्यापारी ,मरीज, नौकरी पेशा, आने जाने वाले सब परेशान, काम धंधे ठप्प




**गोटेगांव**–नगर के समीपी ग्राम करकबेल।तहसील मुख्यालय के समीपी ग्राम करकबेल । भारतदेश गांव का देश है ।गांव को जोड़ने वाली ट्रेन बंद रहने के कारण गरीब, मजदूर, छात्र, व्यापारी, मरीज, नौकरीपेशा, आने जाने वाले सब परेशानी के दौर से गुजर रहे है। कामकाज लोगो के बंद है कोरोनाकाल से बंद पड़ी ट्रेन सतना इटारसी शटल, फास्ट कटनी इटारसी, पैसेंजर कटनी भुसावल कटनी ट्रेनो के बंद रहने से जबलपुर इटारसी रेल खंड के आम ग्रामीण जनमानस सरकार की अनदेखी से आने जाने पर अब परेशानी का सबब बनती गयी।600 यात्री की जगह भर रहे है 6000हजार यात्री कैसे होगा सफर सुहाना।सरलर लेकिन सरकार मे बैठे जनप्रतिनिधियो को नहीं सुनाई देती है बस चुनाव के समय मे वादे कर दिखाई देती है।बाकी समय इन्हें तो गांव की जनता से कोई सरोकार है ही नहीं? इन ट्रेनो के लगातार बंद रहने से बहुत से गांव के आने जाने वाले ग्रामीण जो जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव अपने काम धंधे के लिए जाते थे वे लोग बहुत ही अधिक तंग है। फिर भी गरीबों की आवाज बड़े बड़े पदो पर बैठे सत्ताधारी नुमाइंदो को न दिखाई दे रही, न सुनाई दे रही है।सभी अपना उल्लू सीधा करने मे लगे है।लगता है अब जनता हर तरह से त्राहिमाम।कर रही है।

## सुशील कुमार महोबिया का निधन



सिहोरा - वार्ड नम्बर 11 पुलिस थाने के पास निवास करने वाले पंचायत समन्वयक अधिकारी मझौली सुशील कुमार महोबिया का 56 शाल की उम्र में निधन हो गया ।अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्ति धाम में किया गया । वे लकी महोबिया के पिता थे।

## ग्रहपाल सिंह का निधन



सिहोरा - बरा मोहल्ला खितौला निवासी ग्रह पाल सिंह उम्र 35 वर्ष का निधन हो गया अंतिम संस्कार हिरण घाट स्थित श्मशान घाट में किया गया । आप ठाकुर भगत सिंह के पुत्र एवं माधव सिंह एवं अरविंद सिंह के अनुज थे।

# अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने संतो का लिया आशिर्वाद



## अमित युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त

**सिहोरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक का आयोजन मझौली बायपास स्थित कार्यालय में किया गया जिसमें समाज के आराध्य भगवान परशुराम के तैलीय चित्र पर माल्यापर्ण एंव द्वीप प्रज्जवलन कर पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद बैठक में परिषद के अध्यक्ष आनंद मिश्राा की अध्यक्षता में की गई जिसमे समाज में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा कर निदान करने का निर्णय लिया तथा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा अमित परौहा को युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाने की अनुशंसा की गई । बैठक के बाद श्रीमद भागवत कथा में सिहोरा पधारे कथा व्यास पं.श्याम सुंदर पराशर एवं भरभरा आश्राम के पूज्य गुरूदेव बनवारी दास महाराज सहित अन्य संतो का साल श्रीफल भैंट का सम्मान कर आशिर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर राधवेन्द्र तिवारी,रविशंकर मिश्राा,रमन उपाध्याय,अनिल राज तिवारी,सुरेशधर बडगैयां, कृष्णकांत पांडे,संदीप त्रिपाठी, आशीष उपाध्याय, आशुतोष तिवारी, प्रदीप परौहा , शैलेष उपाध्याय,राजीव मिश्राा,कृष्णकांत उपाध्याय, अक्षित अवस्थी,प्रकाश दुबे, कृष्णा मिश्राा सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे ।

# बाल सहयोग शिक्षा एव खेल संस्था द्वारा दीपावली बनाई



**गोटेगांव**–विगत दिवस नगर में बाल सहयोग शिक्षा एवं खेल संस्था द्वारा बच्चों के लिये एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे रंगोली नृत्य थाली सजाओ जैसा कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस संस्था की प्रमुख अंजलि खरे द्वारा गरीबो की सहायता हेतु मार्क सैनिटाइजर दिया गया और उनके साथ दिवाली भी बनायें उन्हे पटाखों के साथ मिष्ठान्न भी दिया गया।ताकि वह भी उल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाएं।, साथ ही दीवालीमें दिवाली का पावन त्यौहार को बनाया गया। अंजलि खरे द्वारा संस्था के सहयोगी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया गरीब और मासूम बच्चों को पटाखे भी दिए गए अंजलि खरे का मानना है कि इस तरह के कार्य से बच्चों का खेल और शिक्षा प्रति विश्वास बढेगा और एक नई दिशा आने वाली पीढी को मिलेगी।

# T20World Cup: का नया बॉस कौन? ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में फाइनल जंग आज

## फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच पर होंगी सबकी नजरें



**नईदिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच के लिए आज यहां दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तैयार हैं। जो भी टीम यह टूर्नामेंट जीतेगी उनके सिर पर पहली बार ताज सजेगा। क्योंकि 2007 के सीजन से अब तक कभी भी ये टीम ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। अब तक इन दो टीमों ने टी20 विश्व कप नहीं जीता है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने 2010 में फाइनल तक का सफर तय किया था लेकिन विजेता नहीं बन पाई थी। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में शीर्ष क्रम की दो टीमों को इंग्लैंड और पाकिस्तान को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। इन दोनों के बीच हुए मुकाबले को देखें तो ऑस्ट्रेलिया टी20 में न्यूजीलैंड से ज्यादा मैच जीता हुआ है। कंगारूओं ने आठ तो कीवियों ने पांच मुकाबले जीते हैं। भारत में 2016 के टी20 विश्व कप सीजन में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया का आमना-सामना हुआ था। जिसमें कीवियों ने कंगारूओं को धूल चटाई थी। इससे पहले, दोनों टीमों की मुलाकात एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में 2015 में हुई थी, जब दोनों पड़ोसियों ने टूर्नामेंट की सह-मेजबानी की थी। हालांकि ब्रेंडन मैकुलम की टीम माइकल क्लार्क की टीम से मेलबर्न के मैदान पर हार गई थी। उस मैच में न्यूजीलैंड 183 रन पर ही सिमट गई थी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने खिताबी मुकाबले में सात विकेट से जीत दर्ज की थी और पांचवीं बार विश्व कप के खिताब पर कब्जा किया था। मैच में मिचेल जॉनसन और जेम्स फॉल्कनर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क ने दो विकेट चकटाए थे। आज होने वाले फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच पर सबकी नजरें होंगी। क्योंकि फिंच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैचों में सबसे ज्यादा 251 रन बनाए हैं। जिसमें कीवियों के खिलाफ सात पारियों में दो अर्धशतक भी शामिल हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया का हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने नौ पारियों में 157.25 स्ट्राइक रेट से 206 रन और डेविड वार्नर ने 156.43 के स्ट्राइक रेट से सात पारियों में 158 रन बनाकर कीवी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी तरफ, ब्लैक कैप्स के मार्टिन गुप्टिल ने ऑस्ट्रेलिया टीम को चुनौती दी है। उन्होंने 12 पारियों में 36.25 के औसत और 152.09 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं। जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। वहीं कीवी टीम को विकेटकीपर और मध्यक्रम के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की कमी खलेगी, जो चोट के कारण फाइनल से बाहर हो गए हैं। कॉनवे ने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों में 48 की औसत से 192 रन बनाए, जिसमें एक मैच में नाबाद 99 का स्कोर भी शामिल था। गेंदबाजों में एश्टन एगर ने कीवियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दिलचस्प बात यह है कि मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को अभी टी20 में ब्लैक कैप्स के खिलाफ खेलना है। न्यूजीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मुकाबले में सबसे ज्यादा 16 विकेट हासिल की है। वहीं, ट्रेंट बोल्ट ने उनके खिलाफ 10 विकेट, जबकि सेंटनर और टिम साउदी ने नौ-नौ विकेट लिए हैं। ऑल राउंडर जेम्स नीशम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महंगे साबित हुए हैं उन्होंने सिर्फ दो विकेट ही झटके हैं।

# नागिन 6 की लीड एक्ट्रेस हो सकती हैं महिमा मखवाना



## क्या खुल गई मायशा अय्यर की किस्मत?

**नईदिल्ली।** एकता कपूर ने बिग बॉस 15 में आकर अपनी हिट सीरीज नागिन के अगले सीजन की अनाउंसमेंट कर दी है। इसी के साथ एकता कपूर ने शो की हीरोइनों को लेकर भी एक बड़ा हिंट दे दिया है। इसके बाद से ही अब सोशल मीडिया पर गेसिंग गेम चालू हो गया है। दरअसल बिग बॉस 15 के मंच पर एकता कपूर ने कहा है कि नागिन 6 की पहली हीरोइन का नाम एम से शुरू होता है और इसके बारे में सलमान खान भी जानते हैं। एकता ने ये भी कहा है कि दूसरी हीरोइन का नाम अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया है।

### नागिन 6 की लीड एक्टेस का खुलासा

सोशल मीडिया पर अनुमान लगाया जा रहा है कि नागिन 6 की लीड एक्ट्रेस महिमा मखवाना हो सकती हैं। महिमा मखवाना ने सलमान खान की फिल्म अंतिम में भी अहम रोल प्ले किया है। एकता कपूर ने ये भी हिंट दिया है कि नागिन 6 की लीड एक्ट्रेस को सलमान खान अच्छे से जानते हैं।

### क्या खुल गई मायशा की किस्मत?

बीते दिनों बिग बॉस 15 से मायशा अय्यर का भी पत्ता कट गया है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि ये नाम मायशा का भी हो सकता है। नागिन के हर एक सीजन को एकता कपूर ने बड़े स्केल पर शूट किया है। नागिन 6 से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस टीवी शो को जनवरी में लॉन्च किया जाएगा। जिसका साफ मतलब है कि इसकी शूटिंग अगले महीने के आखिरी तक शुरू भी हो जाए।

### फैंस में उत्साह

नागिन 6 के ऐलान के साथ ही साथ सोशल मीडिया पर फैंस का उत्साह देखते ही बन रहा है। लोग लिख रहे हैं कि नागिन 6 बड़े-बड़े शोज की छुट्टी करने आ रहा है। वैसे एकता की तमाम कोशिशों के बाद भी नागिन का चौथा और पांचवा सीजन फ्लॉप ही हुआ है। ऐसे में देखना होगा कि नागिन का नया सीजन दर्शकों के दिलों में खास जगह बना पाएगा या नहीं?

# कैरियर में मिली सफलताओं पर शरवरी ने दिया माता-पिता को श्रेय



**नईदिल्ली।** बबली और बंटी 2 से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए शरवरी पूरी तरह तैयार है। शरवरी अपनी सफलताओं का श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं। शरवरी ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ मॉल जाती थी। वहां जाकर मैं प्रतियोगिता में भाग लेती थी, चाहे वह नृत्य, गायन, अभिनय या दौड़ हो, मेरे पिता मुझे प्रोत्साहित करते थे। शरवरी का कहना है, माता-पिता की बदौलत मुझे मंच से कभी भी डर नहीं लगा है। जब मैं एक बच्ची थी तो मेरी माँ (नम्रता) मुझे मेरे पड़ोस के कार्यों में नृत्य से लेकर शो की तुलना करने तक की सभी गतिविधियों के लिए साइन अप करती थीं। शरवरी ने कहा कि मुझे याद है कि वह मंच के पीछे खड़ी रहती थी और पूरे शो में मुझे अलग-अलग पोशाक में बदलने में मदद करती थी। शरवरी का कहना है कि उनहोंने सोच लिया था कि वह अपने माता-पिता के लिए एक्टर बनेंगी। शरवरी ने अपने माता-पिता को अपना सबसे बड़ा चीयरलीडर्स बताया। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि मैं अपने जीवन में जो भी काम करूंगी, उनहें उस पर गर्व होगा। बात फिल्म की करें तो यशराज फिल्म्स की बबली और बंटी 2 19 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# डांसर सितारा देवी के जीवन पर आधारित बनेगी फिल्म

## 101वीं जयंती पर बायोपिक फिल्म बनाने की घोषणा हुई

**नईदिल्ली।** देश की मशहूर डांसर सितारा देवी प्रतिष्ठित कलाकारों में से एक हैं। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, पद्म श्री और कालिदास सम्मान सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्होंने कथक के भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप को पुनर्जीवित किया और इसे एक नया आयाम दिया।

इनकी 101वीं जयंती पर अब उनकी बायोपिक फिल्म बनाने की घोषणा हुई है। राज आनंद मूवीज के निर्माता राज सी. आनंद ने एक घोषणा करते हुए कहा, सितारा देवी की कहानी को बड़े पर्दे पर जीवंत करने के लिए हम बहुत खुश और उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी कहानी दर्शकों को पसंद आएगी। साथ ही हम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह उनके वास्तविक जीवन की तरह ही आकर्षित होगी। प्रसिद्ध संगीतकार और ड्रमर रंजीत बरोट सितारा देवी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी मां के जीवन पर आधारित इस परियोजना की टीम का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी ली है, जिससे एक दिलचस्प कहानी तैयार की जाएगी। परियोजना के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कहा, मैं उत्साहित हूं कि मेरी मां के जीवन पर एक फिल्म बनने जा रही है। जब राज आनंद (निर्माता) मेरे पास एक फिल्म बनाने के विचार के साथ आए, तो मुझे एहसास हुआ कि यह मेरी मां के प्रति एक अच्छा विचार है। वो वास्तव में एक प्रतिष्ठित कलाकार थीं। हम इस कोशिश के माध्यम से उनके जीवन की अनकही कहानी को पर्दे पर लाएंगे। प्री-प्रोडक्शन प्रसिद्ध कलाकार के जीवन पर शोध कार्य पहले ही शुरू कर चुका है। निर्माता जल्द ही कलाकारों और निर्देशक की घोषणा करेंगे। 8 नवंबर 1920 को जन्मी सितारा देवी न केवल एक प्रख्यात कलाकार थीं, बल्कि एक सशक्त महिला भी थीं, जिन्होंने अपनी शर्तों पर जीवन जीकर नारीवाद और नारीत्व की विचारधारा को मजबूत किया।

दर-दर भटक रही है महिला अधिकारी, इकलौती बेटी के जाने से बदहवास हुई

# स्टार अस्पताल के आगे पुलिस घुटने टेक

## इंसाफ के लिए भटक रही खाकी



***जबलपुर, यशभारत। आम जनता के लिए पुलिस ही सबकुछ होती है, लेकिन पुलिस महकमा में तैनात एक महिला अधिकारी अपने ही महकमे से परेशान है। धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर की लापवाही के कारण महिला पुलिस अधिकारी ने अपनी इकलौती बेटी को खो दिया। इंसाफ के लिए महिला अधिकारी दर-दर भटक रही है परंतु विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।***

**मां ने लगाये आरोप**

## लापरवाही के कारण गई इकलौती बेटी की जान
## लार्डगंज टीआई ने दर्ज नहीं की एफआईआर

पूरा मामला मालवीय चौक स्थित स्टार अस्पताल और एसएफएल पुलिस महिला अधिकारी की 13 साल की बेटी मौत से जुड़ा है। हद तो तब हो गई जब पुलिस कप्तान के कहने के बाबजूद लार्डगंज थाना प्रभारी ने मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं की।

जबलपुर कंट्रोल रुम में एफएसएल विभाग प्रभारी सुनीता तिवारी ने बताया कि सात माह पहले उनकी 13 वर्षीय बेटी खुशी को भूख ना लगने के कारण, स्टार हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बेटी की हालत ठीक थी। लेकिन इलाज के दौरान ही अचानक उसकी सांसे बढ़ने लगी। जिसके बाद बेटी को आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां कोई डॉक्टर नहीं होने से उनकी आंखों के सामने ही बेटी ने दम तोड़ दिया।

### सांसे थम जाने के बाद आया डॉक्टर

पीड़िता एफएसएल प्रभारी ने बताया कि उनकी बेटी खुशी की तबियत खराब होने के बाद उन्होंने अस्पताल में उपस्थित स्टॉफसे गुहार लगाई कि डॉक्टर को तत्काल बुलाया जाए, लेकिन कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं हुआ और बेटी की मौत के बाद डॉक्टर राजीव जैन अस्पताल पहुंचे।

### पुलिस अधीक्षक का आदेश

एफएसएल प्रभारी श्रीमती सुनीता तिवारी ने बताया कि मामले की एफआईआर करवाने के लिए जब उन्होंने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा को आवेदन दिया तो मामले की जांचोपरांत उन्होंने स्टार अस्पताल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। लेकिन करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी मामले की एफआईआर नहीं हो सकी। इतना ही नहीं इसके पहले एएसपी संजय अग्रवाल की जांच के बाद भी एफआईआर दर्ज होने के आदेश को भी किनारे लगा दिया गया।

### इनका कहना है

11 साल से बच्चा इलाज करा रहा था बचपन से हार्ट फेफड़ा कमजोर था उसी का इलाज चल रहा था। मां-बाप ने साइन करके दिया कि बच्चा सीरियस है उसी आधार पर इलाज चल रहा था।

**डॉ. राजीव जैन**
**स्टार अस्पताल**



# महाकोशल के बच्चों को मिली सौगात
# हार्ट के इलाज के लिए जाएंगे इंदौर

**राज्यसभा सांसद ने किया स्वस्थ बाल हृदय मिशन का शुभारंभ**





**जबलपुर, यशभारत।** आज रविवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के प्रयासों से श्री सत्य साई बाल हृदय चिकित्सा केंद्र इंदौर में ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ . रमेश बाहेती , ट्रस्टी जस्टिस रमेश चन्द्र लाहोटी , जनरल विक्रम सिंह , बिजेंद्र नाथ कोल , शिवराज पाटिल के नेतृत्व में स्वस्थ बाल हृदय मिशन का शुभारम्भ किया गया । जानकारी देते श्री तन्खा ने बताया कि महाकौशल , विन्ध्य एवं बुन्देलखंड संभाग के बच्चों को हो रही हृदय रोगों की समस्यओं एवं उपचार के निदान हेतु श्री सत्य साई बाल हृदय चिकित्सा केंद्र इंदौर द्वारा नवजात से लेकर 14 वर्ष तक के सभी बच्चों की जाँच,उपचार एवं ऑपरेशन इंदौर के अपोलो हॉस्पिटल में निःशुल्क किये जायेंगे । सभी चयनित बच्चों को जबलपुर से इंदौर ए.सी. एम्बुलेंस बस द्वारा उनके पालकों के साथ भेजा जाएगा एवं उपचार उपरांत उन्हें वापिस जबलपुर लाया जाएगा । बच्चों के इलाज एवं उनके पालकों के आने जाने , ठहरने एवं खान - पान की सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क रहेंगी । डॉ . रमेश बाहेती द्वारा इस संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया कि उन्होंने श्री तन्खा से चर्चा में जब ये पाया कि महाकौशल , विन्ध्य एवं बुन्देलखंड क्षेत्र के बच्चों हेतु कोई उचित साधन उपलब्ध नहीं है तब उन्होंने और श्री तन्खा एवं अपने सभी साथी ट्रस्टीजनों से विचार विमर्श कर इस क्षेत्र के बच्चों के हृदय के इलाज हेतु यह बीड़ा उठाया है । उन्होंने आगे बताया कि अभी बाल दिवस के अवसर पर 14 वर्ष तक के बच्चों एवं बाद में 18 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जायेगा । जबलपुर से प्रति सप्ताह बच्चे इंदौर भेजे जायेंगे।

### आदिवासियों के कार्यक्रम के बहाने भाजपा शो करती है

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के आदिवासी कार्यक्रम पर तंज कसा। राज्यसभा सांसद ने भाजपा के कार्यक्रम को शो बाजी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों से जुड़े कार्यक्रम वर्षों से करती आ रही है और सभी कार्यक्रम जबलपुर से किए गए हैं। सरकारी खजाने से शो करके भाजपा वाहवाही लूटनी चाहती है। विवेक तन्खा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। भ्रष्टाचार को लेकर कार्यक्रम चलेंगे, आवाज बुलंद करेंगे, पूरी कांग्रेस एकजुट है।

### सभी बच्चों के हार्ट का होगा इलाज- तन्खा

श्री तन्खा ने कहा कि यह मिशन जब तक इस क्षेत्र के सभी बच्चों के हृदय रोगों का उपचार नहीं हो जाता जारी रहेगा । उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए सभी पीड़ित बच्चों के परिवारों की सुविधा के लिए उनको बलदीप मैनी एवं जगत बहादुर सिंह अन्नू से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

**मझगंवा में भीषण सड़क हादसा**

## तेज रफ्तार बाइक ने राहगीरों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर, यश भारत ।** मझगमां के सिलौडी मोड़ पर एक अज्ञात बाइक सवार ने वाहन को तेज गति में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो राहगीरों को जबरदस्त टक्कर मार दी । इस दुर्घटना में एक 58 वर्षीय अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के



खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सेलवारा ग्राम का रहने वाला 58 वर्षीय लखन पटेल पिता रामसहाय पटेल अपने साथी बिहारी लोधी के साथ खिरहनी ग्राम से पैदल अपने गांव जा रहे थे। यह दोनों जैसे ही सिलौडी मोड़ पर पहुंच ही थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने सवार ने दोनों राहगीरों को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को लगी , घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई । मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई । बाद में दोनों घायलों को गंभीर हालत में सिहोरा लाया गया, जहां पर लखन पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई । मृतक के साथी बिहारी लोधी को मामूली चोट आने के कारण उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद घर रवाना कर दिया गया है । पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।



## देश को सामर्थ्यवान बनाने की आधारशिला रखी थी नेहरु जी ने

**कांग्रेस विधि विभाग ने मनाई पंडित नेहरु जी की जयंती**

**जबलपुर, यशभारत।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती कांग्रेस विधि विभाग द्वारा नेहरू उद्यान में मनाई गई। इस अवसर पर पंडित नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश तिवारी जी के मुख्य आथित्य एवं संभागीय समन्वयक प्रशांत मिश्रा जी के अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने पं. नेहरू जी के जीवन एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधि विभाग के जिला शहर अध्यक्ष ब्रजेश दुबे ने कहा कि पंडित नेहरू जी का जन्म दिवस हम सभी बाल दिवस के रूप में मनाते है। पंडित नेहरू जी ने अपना सारा जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया और आज हमारा देश समर्थ दिख रहा उसकी आधारशिला नेहरू जी ने ही रखी थी । इस अवसर पर जिला शहर अध्यक्ष ब्रजेश दुबे,महिला विंग अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, गोविंद अहिरवार, प्रशांत चौरसिया, राजू बर्मन सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## कुण्डम में वाहन चालक को उतारा मौत के घाट

**रोड पर खून से सना हुआ मिला शव, 18 साल से रह रहा था ससुराल में,**



जबलपुर, यश भारत। कुंडम के मड़ई मकरार रोड पर दरमियानी रात 35 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर, शव को रोड किनारे फेंककर हमलावर मौके से फरार हो गए। युवक पेशे से वाहन चालक था और वर्षों से ससुराल में ही रह रहा था। घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर लोगों का हुजूम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। कुंडम पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 35 वर्षीय ओम प्रकाश यादव पिता पंचम यादव ड्राइवरी का काम करता था वह मूलतः उमरिया जिला के बिलासपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छतैनी ग्राम का रहने वाला है, किंतु विगत 18 वर्षों से अपनी ससुराल कुंडम थाना क्षेत्र के अंतर्गत मडई में रहकर हाईवा चलाता था । वह गत दिवस पत्नी से यह कहकर घर से निकला था कि हाईवा चलाने जा रहा हूं और फिर लौटकर वापस नहीं आया। आज सुबह उसकी रक्तरंजित लाश ग्राम से 6 किलोमीटर दूर मड़ई मकरार रोड पर पड़ी हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पाया कि युवक की हत्या कहीं और की गई है और लाश को यहां लाकर बीच रोड में फेंका गया है। जिससे कि लोगों को यह पता चल सके कि यह किसी वाहन से दुर्घटना हुई है। किंतु पुलिस ने घटनास्थल एवं मृतक के सिर में मिले धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए। पुलिस के अनुसार युवक की हत्या कहीं और की गई और लाश को किसी वाहन की मदद से यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस जांच में जुटी है।




## चरगवां में युवती ने लगाई फांसी

**जबलपुर, यश भारत।** चरगवां के बिजोरी ग्राम में 21 वर्षीय युवती ने दरमियानी रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिटिया को मौत के फंदे में झलता हुआ देख परिजन बदहवाश हो गए। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया कि बिजोरी ग्राम की रहने वाली 21 वर्षीय पूजा विश्वकर्मा पिता दुखी लाल विश्वकर्मा ने रात को खाना खाया और कुछ देर तक इधर-उधर टहलने के बाद अपने कमरे में चली गई। जहां मौत के फंदे में झूल गयी। जब परिजन उठे तो उन्होंने देखा कि बिटिया फांसी के फंदे पर झूल रही है। यह खबर मोहल्ले वालों को लगते हैं लोगों का हुजूम लग गयास। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन दो दिन के लिए स्थगित

**उपायुक्त श्रीमति अंजू सिंह ने दी जानकारी**

**जबलपुर, यशभारत।** पोर्टल में अचानक तकनीकी खराबी आ जाने के कारण समाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का सत्यापन कार्य दो दिन के लिए स्थगित किया गया है। उपायुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन एम मिशन, एम पोर्टल में किया जा रहा था परंतु अचानक तकनीकी खराबी आ जाने के कारण नगर निगम जबलपुर के समस्त संभागीय कार्यालयों में किए जा रहे भौतिक सत्यापन का कार्य आज दिनांक 14 नवम्बर एवं कल 15 नवम्बर, दो दिन स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 16 नवम्बर से भौतिक सत्यापन का कार्य यथावत निगम के समस्त संभागीय कार्यालयों में किया जायेगा।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को घेरा**

## एक साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए आम जनता से किए वसूल



**नंबर जारी कर मांगा आमजन का समर्थन**

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा ने विकास कम मंहगाई ज्यादा बढ़ाई है। कांग्रेस इसका विरोध करेगी भाजपा की सच्चाई जनता तक लेकर जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मंडला जाने से पहले सर्किट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने एक साल में आम जनता से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए वसूल किए है, यह सब जनता तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने खुर्शीद की किताब और राहुल गांधी के बयानों से किनारा करते हुए इतना ही कहा कि भारत में सभी को धार्मिक स्वतंत्रता है। यह शक्ति हमें संविधान से मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस ने 1800 212 000 011 टोल फ्री नंबर जारी कर कहा कि इस नंबर पर मिस्ड कॉल करें, एक मैसेज आएगा जिसमें पूरी डिटेल देकर कांग्रेस को अपना समर्थन दें। हम लोगों से पूछ रहे है कि महंगाई के कारण है ज्ञात है कि अज्ञात है। श्री सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया कि 2014 में सेंटर एक्साइज टैक्स डीजल पर 3 रुपए कुछ पैसे और 9 रुपए कुछ पैसे पेट्रोल पर था। इसे मोदी जी ने बढ़ा कर 32 रुपए डीजल पर और पेट्रोल पर 33 रुपए कर दिया। इस हिसाब से 2014 की सेंटर एक्साइज को बढ़ाकर पेट्रोल में 24 रुपए और डीजल पर 29 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। यदि पूरा हिसाब जोड़ा जाए तो आंकड़े बताते है कि मोदी सरकार ने एक साल में ही जनता की गाढ़ी कमाई के करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए आम जनता से वसूल किए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )